दैनिक हिन्दी अख़बार
https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD
https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD
FIRST INDIA
# सच बेधड़क
फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित
वर्ष: 4 | अंक: 115 जयपुर, रविवार, 06 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष-नवमी, विसं 2082 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00



रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

## जरूरी खबर

### राज्यपाल-सीएम ने दी रामनवमी पर शुभकामनाएं




**जयपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा, वचनबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम स्वयं में महामंत्र है, उनकी महिमा अनंत है। राम का अर्थ है सुंदर और सुखदायक। उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श है। रामनवमी का यह पर्व समाज में धर्म, सदाचार और मर्यादा के प्रति श्रद्धा बढ़ाता है।

### जस्टिस वर्मा ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में ली शपथ



**इलाहाबाद।** दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर आए जस्टिस यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के चैंबर में शपथ ली। हालांकि, जांच लंबित होने के कारण उन्हें फिलहाल कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। शपथ के बाद उनका नाम वरिष्ठता सूची में 8वें स्थान पर दर्ज किया गया। बार एसोसिएशन ने इस शपथ ग्रहण पर नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया है। एसोसिएशन ने इसे अस्वीकार्य बताया और चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर न्यायिक कार्य न सौंपने की मांग की।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## यह न केवल मेरा व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का भी गौरव: मोदी

# पीएम मोदी श्रीलंका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित



*श्रीलंका। राष्ट्रपति सचिवालय में पीएम नरेन्द्र मोदी को 'मित्र विभूषण' सम्मान से सम्मानित करते राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके।*

**एजेंसी** | कोलंबो

एक विशेष समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'मित्र विभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया। यह श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जिसकी शुरुआत 2008 में तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे द्वारा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। इससे पहले यह सम्मान मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम और फलस्तीनी नेता यासिर अराफात को दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहा कि यह न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का भी गौरव है। पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और रजत पदक शामिल है, जिसे गले में पहनाया जाता है। पदक पर नौ श्रीलंकाई रत्न, कमल, सूर्य, चंद्रमा, चावल के ढेर और धर्म चक्र अंकित हैं, जो दोनों देशों की सांझी सांस्कृतिक विरासत और समृद्धि के प्रतीक हैं। मोदी बिम्सटेक सम्मेलन में भाग लेने के बाद कोलंबो पहुंचे थे, जहां राष्ट्रपति सचिवालय में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### भारत-श्रीलंका रक्षा साझेदारी मजबूत, वार्ता में ऐतिहासिक समझौते



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच कोलंबो में हुई वार्ता के दौरान दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को लेकर ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह भारत और श्रीलंका के बीच सैन्य क्षेत्र में पहला संस्थागत ढांचा है, जो दोनों देशों की सुरक्षा को परस्पर जुड़ा और सहनिर्भर मानता है। बैठक में सात समझौते हुए, जिनमें त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र बनाने, पावर ग्रिड कनेक्टिविटी और सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन शामिल हैं। भारत ने श्रीलंका को 2.4 अरब लंकाई रुपए की सहायता का वादा किया और ऋण पुनर्गठन के तहत ब्याज दरें घटाने की घोषणा की। मोदी ने तमिल मुद्दे, मछुआरों की रिहाई और संविधान के पूर्ण क्रियान्वयन पर श्रीलंका से सकारात्मक कदम की उम्मीद जताई। राष्ट्रपति दिसानायके ने भरोसा दिलाया कि श्रीलंका की धरती भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होगी। मोदी ने कहा कि श्रीलंका 'पड़ोसी पहले नीति' और 'महासागर' दृष्टिकोण में विशेष स्थान रखता है। इस वार्ता को दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला कदम माना जा रहा है।

### मोदी आज करेंगे वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन



पीएम नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल नए पंबन पुल का उद्घाटन करेंगे। इस पुल का निर्माण 550 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से हुआ है। प्रधानमंत्री रामेश्वरम-ताम्बराम ट्रेन सेवा और एक तटरक्षक जहाज को भी हरी झंडी दिखाएंगे। मोदी रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा करेंगे और 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की रेल व सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## पावटा में महायज्ञ की पूर्णाहुति में अमित शाह लेंगे भाग

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज राजस्थान दौरे पर

### केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी रहेंगे मौजूद





**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। वह कोटपूतली जिले के बावड़ी (पावटा), एनएच-48 विराटनगर स्थित बाबा बालकनाथ आश्रम में एक वर्ष से जारी 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

शाह इस पावन यज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लेंगे और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वे बाबा बालकनाथ की समाधि पर जाकर दर्शन करेंगे। इस धार्मिक आयोजन के लिए बावड़ी स्थित मंदिर परिसर में भव्य पांडाल सजाया गया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आमजन के पहुंचने की संभावना है।

आयोजन के दिन रामनवमी और भाजपा का स्थापना दिवस भी होने से इस दौरे का राजनीतिक और धार्मिक दोनों ही दृष्टियों से विशेष महत्व माना जा रहा है। खासकर हाल ही में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद शाह का यह दौरा कई सियासी संदेश भी देगा। भाजपा इसे धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ जनसंपर्क के अवसर के रूप में देख रही है। गृह मंत्री अमित शाह हेलीकॉप्टर से पावटा पहुंचेंगे। इसके लिए कार्यक्रम स्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर अस्थाई हेलीपैड बनाया गया है। उनके आगमन से पहले जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर रेंज के आईजी अजयपाल लांबा और जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शनिवार को तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### महायज्ञ का उद्देश्य

यह रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ बाबा बालकनाथ आश्रम में पिछले एक वर्ष से चल रहा है। इसका उद्देश्य विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन धर्म के मूल्यों की स्थापना बताया गया है। देशभर से हजारों श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो चुके हैं।

#### शाह और सीएम का कार्यक्रम

अमित शाह दोपहर 12:30 बजे अहमदाबाद से बीएसएफ विमान से रवाना होकर दोपहर 1:45 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से 2:45 बजे पावटा पहुंचेंगे। 3:35 बजे बाबा बालकनाथ आश्रम से रवाना होकर 4:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट लौटेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 1:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर लाडा का बास हेलीपैड होते हुए 2:35 से 3:35 तक महायज्ञ में भाग लेंगे और 4:25 बजे जयपुर एयरपोर्ट लौटेंगे।

## वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी

# नया वक्फ कानून लागू

**बेधड़क** | नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक अब पूरी तरह से कानून बन चुका है। संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद यह विधेयक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा गया था। शनिवार को राष्ट्रपति ने विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए, जिससे यह आधिकारिक रूप से कानून बन गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह संशोधित वक्फ कानून अब पूरे देश में लागू होगा और इसके तहत आने वाली सभी प्रक्रियाएं इसी के अनुसार संचालित की जाएंगी। इससे पहले, वक्फ (संशोधन) विधेयक को



लोकसभा में 2 और राज्यसभा में 3 अप्रैल को लंबी बहस के बाद पारित किया गया था। इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार, वक्फ संपत्तियों के हितधारकों के सशक्तीकरण, सर्वेक्षण, पंजीकरण और मामले के निपटान की प्रक्रिया में सुधार लाना है। इसके अलावा मुसलमान वक्फ अधिनियम-1923 को भी निरस्त कर दिया गया है।

### वक्फ संपत्तियों पर गैर-मुस्लिमों का भी हक: आरिफ खान

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ की संपत्तियां 'अल्लाह की' मानी जाती हैं और इनका उपयोग सभी जरूरतमंदों चाहे वे मुस्लिम हों या गैर-मुस्लिम के लिए होना चाहिए। वक्फ का हक 'फकीर' (मुस्लिम) और 'मिस्कीन' (गैर-मुस्लिम) दोनों को है। इधर, 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने विधेयक के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

### धौलपुर कलेक्टर से धक्का-मुक्की

**धौलपुर।** अतिक्रमण हटाने के दौरान यहां जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी से हुई धक्का-मुक्की के मामले में पुलिस ने कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा के चाचा प्रदीप बोहरा को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। वहीं कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

घटना शुक्रवार रात की है, जब जिला प्रशासन, नगर परिषद की संयुक्त टीम शहर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। टीम जैसे ही विधायक के घर के पास पहुंची, तो कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। विधायक समर्थकों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

■ पेज 4 भी देखें

## ट्रम्प और मस्क के खिलाफ जनआक्रोश

# अमेरिका में 'हाथ न लगाएं' विरोध-प्रदर्शन



**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और एलन मस्क की नीतियों के खिलाफ अमेरिका में शनिवार को 'हाथ न लगाएं' विरोध प्रदर्शन किया गया। सरकारी छंटनी, अर्थव्यवस्था, मानवाधिकार और गाजा संकट पर ट्रम्प प्रशासन के रवैये से नाराज लोग सड़कों पर उतरे। अमेरिका में 1,200 से अधिक प्रदर्शनों में करीब 5 लाख लोग शामिल हुए। न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लॉस एंजिल्स, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में रैलियां निकाली गई। प्रदर्शन ट्रम्प के 'सत्तावादी एजेंडे' और एलन मस्क के प्रभाव के खिलाफ हुआ। 'इंडिविजिबल' समूह के संस्थापक एज्रा लेविन ने कहा, यह सत्ता हथियाने की कोशिश के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी जवाब है। 100 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता संगठनों ने इसमें भागीदारी निभाई। ट्रंप के खिलाफ कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, मैक्सिको सहित यूरोप के कई बड़े शहरों में भी प्रदर्शन हुए हैं।

# जम्मू: सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया

**एजेंसी** | जम्मू

आरएस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। घटना चार और पांच अप्रैल की रात अब्दुलियान सीमा चौकी पर हुई। बीएसएफ ने बताया कि चेतावनी के बावजूद घुसपैठिया नहीं रुका, जिसके बाद कार्रवाई की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फ्लैग मीटिंग के दौरान पाकिस्तानी रेंजर्स ने शव लेने से इनकार कर दिया। बीएसएफ ने इस घुसपैठ प्रयास को लेकर पाकिस्तानी पक्ष के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

## संघ प्रमुख ने आईआईटी बीएचयू में छात्रों को पढ़ाया हिंदुत्व का पाठ और बोले...

# मंदिर, पानी और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए एक हों

**बेधड़क** | वाराणसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को वाराणसी के आईआईटी बीएचयू परिसर में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज के सभी पंथ, जातियों और समुदायों को एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा, श्मशान, मंदिर और पानी सभी हिंदुओं के लिए एक जैसे होने चाहिए। इसी लक्ष्य को लेकर संघ काम कर रहा है। भागवत ने आईआईटी बीएचयू के जिमखाना मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां वे करीब 70 मिनट तक मौजूद रहे। उन्होंने 100 से अधिक छात्रों को योग, खेल गतिविधियों और वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए देखा। छात्र उन्हें देखकर 'जय बजरंगी, 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष करते नजर आए।



**अभिषेक...**

*संघ प्रमुख मोहन भागवत शनिवार को वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का अभिषेक करते हुए। इस मौके पर भागवत ने आईआईटी बीएचयू परिसर में छात्रों को संबोधित भी किया।*

### छात्रों से पूछा... बताइए संघ क्या है?

संघ प्रमुख ने छात्रों से संवाद के दौरान सवाल किया, बताइए संघ क्या है? इस पर छात्रों ने उत्तर दिया, संघ का मतलब हिंदुत्व को बढ़ावा देना, सनातन धर्म की रक्षा करना, सबकी मदद करना और युवाओं को सही दिशा दिखाना है। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति व सभ्यता के मूल्यों को सहेजना है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी भाषा, संस्कृति और संस्कारों की रक्षा के लिए स्वयं आगे आएं। इससे पहले शनिवार सुबह मोहन भागवत ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और बाबा विश्वनाथ का अभिषेक किया।

### हिन्दू समाज को एकजुट करना संघ की प्राथमिकता

संघ प्रमुख भागवत ने यह भी कहा कि संघ का मतलब सिर्फ शाखा लगाना नहीं है, बल्कि यह समाज की सेवा करने और देश के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। संघ सभी धर्मों और समुदायों की मदद करता है, लेकिन हिंदू समाज को एकजुट करना उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की पहचान इसकी संस्कृति, संस्कार और सनातन परंपरा है और इन्हीं मूल्यों की रक्षा करना संघ का उद्देश्य है।

**जरूरी खबर**

### डॉ.चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



**बेधड़क, जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राजस्थान धरोहर संरक्षण समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए।

### विद्युत संघर्ष समिति का आंदोलन हुआ समाप्त

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति (कर्मचारी, अधिकारी व अभियंता मंच) ने विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन को विराम दे दिया है। विद्युत भवन में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। इसमें जयपुर डिस्कॉम की अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक आरती डोगरा, प्रसारण निगम के एमडी नथमल डिडेल व उत्पादन निगम के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी मौजूद रहे। बैठक में सरकार की ओर से संयुक्त संघर्ष समिति को लिखित आश्वासन दिया गया कि प्रदेश सरकार का विद्युत निगमों का निजीकरण करने का कोई इरादा नहीं है। ऊर्जामंत्री नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग मॉडल अपना रही है, जिससे न तो किसी कर्मचारी की सेवा शर्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और ना ही किसी की नौकरी पर कोई खतरा आएगा। सरकार की लिखित गारंटी के बाद संघर्ष समिति ने आंदोलनों को रद्द करने का निर्णय लिया।

### टीकाराम जूली ने की खरगे से मुलाकात



**बेधड़क, जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शनिवार को एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। उन्होंने दिल्ली आवास पर खरगे से मुलाकात के दौरान उनसे मार्गदर्शन लिया और प्रदेश के समसामयिक मुद्दों पर जानकारी दी।

**भाजपा का स्थापना दिवस आज: सजेगा पार्टी कार्यालय, भाजपा का झंडा कार्यालय के साथ घर-घर भी लहराएगा**

# PM मोदी के 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर होगी चर्चा

■ BJP के चुनावी विस्तार और भारतीय राजनीति में बदलाव पर भी होगी बात



**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी रविवार से अपना स्थापना दिवस मनाएगी। इसके तहत 6 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक कई कार्यक्रम होंगे। इनके माध्यम से पार्टी समाज के प्रति अपनी रीति और नीति को हर वर्ग और कार्यकर्ता तक पहुंचाएगी। पहले दिन 6 अप्रैल को जयपुर स्थित पार्टी कार्यालय की सजावट होगी और भाजपा का झंडा कार्यालय और घर-घर पर रोहण किया जाएगा। वहीं बूथ स्तर पर बूथ समिति के सदस्य, पन्ना प्रमुख और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी, जिसमें एक वरिष्ठ कार्यकर्ता का भाषण होगा। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन भी होंगे, जिसमें भाजपा के चुनावी विस्तार, भारतीय राजनीति में बदलाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में विकसित भारत की यात्रा पर चर्चा होगी।

वहीं केंद्र व राज्य सरकार के लाभार्थियों से मिलकर चर्चा, भाजपा ध्वज लेकर गलियों में शोभायात्रा, ग्रामीण व मोहल्ले में चौपाल, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, आपातकाल सेनानियों और कारसेवकों का सम्मान, बूथ समिति की बैठक और स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### इस तरह चलेंगे कार्यक्रम

6 अप्रैल को सम्पूर्ण देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। वहीं, 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का और 8-9 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। 7 से 13 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान लाभार्थी सम्मेलन होगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि सभी जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्र भक्त नागरिकों से भाजपा के साथ जुड़ने व पार्टी को समर्थन देने की अपील करेंगे। राठौड़ ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि प्रत्येक राष्ट्र भक्त नागरिक 6 अप्रैल को अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराएं।

### 1980 में स्थापना... 2014 में बनी पूर्ण बहुमत की सरकार

भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। इसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। वैसे, पार्टी का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता प्राप्ति और देश विभाजन के साथ ही देश में एक नई राजनीतिक परिस्थिति उत्पन्न हुई। भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या विद्यालय में हुई। 1980 में स्थापना के साथ ही भाजपा राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो गई। बोफोर्स एवं भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पुनः गैर-कांग्रेसी दल एक मंच पर आए और 1989 के आम चुनावों में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को भारी पराजय का सामना करना पड़ा। आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी। इसके बाद यह यात्रा नहीं रुकी। 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। अब 21 राज्यों में भाजपा या गठबंधन की सरकार है।

**प्रदेश में 11 जिला कांग्रेस कमेटियों के गठन को दी मंजूरी**

# राजस्थान कांग्रेस में अब 39 की बजाय होंगे पचास जिले

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस ने राजस्थान में संगठन के जिलों की संख्या 39 से बढ़ाकर 50 कर दी हैं। प्रदेश में 11 नए जिला कांग्रेस कमेटियों के गठन को एआईसीसी ने मंजूरी दे दी है। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के आदेश के बाद पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने तुरंत प्रभाव से जिलों की संख्या 50 करने के आदेश जारी किए। इनमें कई जिलों के टुकड़े किए गए हैं।

दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय गठित 50 जिलों के फैसले को मौजूदा भाजपा सरकार ने खत्म कर 41 जिले रखने का निर्णय किया, लेकिन अब कांग्रेस ने संगठन के हिसाब से जिलों की संख्या 50 की है। इनमें आठ नए जिलों में कांग्रेस ने जिला संगठन बनाए हैं। नए जिलों के गठन को लेकर बीते दिनों हुई प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटियों का विस्तार और पुनर्गठन कर कुल 50 जिला कांग्रेस कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसका शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुमोदन किया है।

**जयपुर ग्रामीण को दो भागों में बांटा**




### जोड़-तोड़ करके बनाए नए जिले

कांग्रेस संगठन ने 8 नए जिले बनाए हैं। उनमें कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, डीग, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, फलोदी, बालोतरा और सलूंबर हैं। इसके अलावा सीकर से नीमकाथाना को अलग कर संगठन के हिसाब से नया जिला बनाया है। भीलवाड़ा जिले से भी भीलवाड़ा शहर अलग जिला बनाया गया है। इधर जोधपुर शहर में जोधपुर शहर उत्तर और जोधपुर शहर दक्षिण मर्ज कर एक जिला बना दिया। वहीं, जयपुर ग्रामीण को दो हिस्सों में बांटकर जयपुर ग्रामीण पूर्व और जयपुर ग्रामीण पश्चिम किया गया है।

### नए जिलों में जल्द होगी विभिन्न पदों पर नियुक्तियां

संगठन के हिसाब से 50 जिले बनाए जाने के बाद कांग्रेस की धरातल पर संगठनात्मक मजबूती होगी। बड़ी संख्या में नए नेताओं को पद दिए जाएंगे। 11 नए बने जिलों में जिलाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी बनेगी, जिसकी नियुक्तियां जल्द की जाएगी। इसकी भी पीसीसी की ओर से एक्सरसाइज शुरू कर दी गई है।

### अब ये होंगे कांग्रेस के जिले

नए जिलों को मिलाकर अब कांग्रेस की जिला कांग्रेस कमेटियों में अजमेर ग्रामीण, अजमेर शहर, अलवर, बालोतरा, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा ग्रामीण, भीलवाड़ा शहर, बीकानेर ग्रामीण, बीकानेर शहर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, डीडवाना-कुचामन, डीग, धौलपुर, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर ग्रामीण पूर्व, जयपुर ग्रामीण पश्चिम, जयपुर शहर, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर ग्रामीण, जोधपुर शहर, करौली, खैरथल-तिजारा, कोटा ग्रामीण, कोटा शहर, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, नीमकाथाना, पाली, फलोदी, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूंबर, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर ग्रामीण और उदयपुर शहर शामिल है।

**राजस्थान में परिवहन व्यवस्था पर संकट**

# ATS से नहीं जोड़ने पर 83 निजी फिटनेस सेंटर्स बंद

■ 10 हजार से ज्यादा वाहन अनफिट, करोड़ों के राजस्व का नुकसान



वाहन फिटनेस सेंटर। -फाइल फोटो

**शिवेंद्र सिंह परमार | बेधड़क**

**जयपुर।** केंद्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा नए आदेश को जारी करने के बाद प्रदेश में एक बार फिर परिवहन विभाग की लापरवाही सामने आई है। दरअसल, एक अप्रैल से प्रदेश के 83 निजी फिटनेस सेंटर्स बंद हो चुके हैं। इससे करीब 10 हजार से अधिक वाहन अनफिट खड़े हैं, जिनमें ट्रक, यात्री बसें और व्यावसायिक वाहन शामिल हैं। ऐसे में अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो उसे बीमा क्लेम भी नहीं मिल सकेगा। बता दें कि परिवहन मंत्रालय ने सभी फिटनेस सेंटर्स को 31 मार्च तक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) से जोड़ने के निर्देश दिए थे, लेकिन राजस्थान के केवल दो सेंटर्स को ही एटीएस की मान्यता मिल पाई। इसके चलते 1 अप्रैल से बाकी सभी सेंटर्स की आईडी परिवहन विभाग ने बंद कर दी। इससे न केवल वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है, बल्कि विभाग को भी रोजाना करोड़ों का राजस्व नुकसान हो रहा है। राजस्थान में प्रतिदिन लगभग ढाई हजार वाहनों की फिटनेस की जाती थी। हर वाहन पर औसतन चार हजार रुपए टैक्स प्राप्त होता है। इस हिसाब से विभाग को रोजाना एक करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। जयपुर और किशनगढ़ में ही फिलहाल एटीएस सेंटर चालू हैं, लेकिन उनकी क्षमता सीमित है। ऐसे में दूर-दराज़ के जिलों के वाहन चालकों को दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है।

### जल्द समाधान नहीं हुआ तो ट्रांसपोर्ट व्यापार होगा ठप

शाहपुरा ट्रक यूनियन अध्यक्ष मुकेश बड़बड़बाल ने कहा कि सरकार को जल्द समाधान निकालना होगा, वर्ना ट्रांसपोर्ट व्यापार पूरी तरह से ठप हो जाएगा। वहीं, फिटनेस सेंटर संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा का कहना है कि जब तक एटीएस पूरी तरह उपलब्ध नहीं होता, तब तक आरटीओ और डीटीओ कार्यालयों में ही फिटनेस प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

# वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम बहनों के सम्मान को बढ़ावा देगा: राठौड़



**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम बहनों के सम्मान को बढ़ाने वाला बिल है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुस्लिम बहनों और गरीब मुसलमान लोगों के सम्मान, कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं, तो ऐसे में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस बिल के बाद वक्फ की संपत्तियों से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। विपक्षी इस बिल को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन अब मुस्लिम वर्ग कांग्रेस के बहकावे में आने वाला नहीं है। राठौड़ ने कहा कि इस बिल के बाद वक्फ प्रबंधन टीम में मुस्लिम बहनों को शामिल किया जाएगा। इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वहीं, गैर मुस्लिम तो वक्फ में केवल निगरानी करने के लिए शामिल किए हैं। अगर किसी संपत्ति का बाहुबली या भू माफियाओं द्वारा दुरुपयोग किया जाता है, तो उस पर निगरानी की जा सकेगी। इसमें भी किसी को ऐतराज क्यों है? इस बिल ने तो अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए अपील का अधिकार दिया है।

# जूली और राठौड़ के बीच सियासी वार-पलटवार जारी



राजेंद्र राठौड़



टीकाराम जूली

**बेधड़क, जयपुर।** राइजिंग राजस्थान के एमओयू को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थमने का नाम नहीं ले रहा। राइजिंग राजस्थान के आंकड़ों से विवाद वित्तीय आंकड़ों और पूर्ववर्ती कांग्रेस और पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की तुलना करने पर राजेंद्र राठौड़ ने जूली को निशाने पर लिया। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस के पास न कोई उपलब्धि है, न कोई मुद्दा। इसलिए 'राइजिंग राजस्थान' की बात करते-करते वित्तीय आंकड़ों और फिर अब 2013 -18 के कार्यकाल के दौर में पहुंच गए हैं। इस पर जूली ने जवाब देते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान की सच्चाई क्या है, वो आप भी जानते हैं पर राज्य के वित्तीय आंकड़ों की चर्चा आपने शुरू की, इसलिए जवाब देना आवश्यक था। जूली ने सरकार से राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने वाली कंपनियों, उनके टर्न ओवर, डायरेक्टर और प्रोजेक्ट की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की।

**बेधड़क TOON**




-शेखर

**जयपुर डेयरी के 50 साल पूरे होने पर समारोह**

# चार योजनाओं समेत तेईस नए डेयरी प्रॉडक्ट की हुई लॉन्चिंग

■ जयपुर डेयरी की महिलाएं ला रही सही मायने में क्रांति: विजया राहटकर

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर डेयरी के 50 पूरे होने पर शनिवार को बिड़ला सभागार में मायरा योजना, फ्लैक्सी बायोगैस योजना, रूफ टॉप सोलर प्लांट योजना और 23 नए डेयरी प्रॉडक्ट की लॉन्चिंग का कार्यक्रम हुआ। इनमें 3 कोल्ड कॉफी, 5 फ्लेवर्ड मिल्क, 10 कैंडी आईसक्रीम और श्रीखंड के पांच नए फ्लेवर शामिल हैं। इस अवसर पर आरसीडीएफ और



बिड़ला ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विजया राहटकर व अन्य अतिथि।

राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच महिला सशक्तीकरण के लिए एक एमओयू हुआ। इसमें महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। मायरा योजना में दुग्ध उत्पादकों की दो बेटियों की शादी में सरस डेयरी की ओर से 21 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता, जैविक कचरे से घरेलू गैस उत्पादन के लिए 5 हजार रुपए का अनुदान और 25-25 मेगावाट क्षमता के रूफ टॉप लगाए जाएंगे, जिससे समिति का बिजली का बिल शून्य होगा।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि जयपुर डेयरी के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के अनेक नवाचार हो रहे हैं, डेयरी विभाग हमेशा प्रगति की राह पर चलेगा। सरस ने मायरा योजना शुरू की है। सही मायने में अगर कोई क्रांति ला रहा है, तो वो जयपुर डेयरी की महिलाएं हैं। एमओयू से डेयरी की महिलाओं को नॉलेज देने के साथ डिजिटल साक्षर बनाने के प्रयास कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जयपुर डेयरी 50 साल से बेहतरीन काम कर रही है। 250 लीटर दूध से शुरू हुआ ये सफर आज 15 लाख लीटर दूध सप्लाई कर रहा है। डेयरी से महिलाओं और कई परिवारों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बजट में डेयरी को 760 करोड़ देने की घोषणा की, जिनसे नए डेयरी, कैटलफीड प्लांट आदि लगाकर डेयरी संघ को मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि डेयरी संघ ने महिलाओं के लिए कई स्कीमें लागू की हैं। मेरी मांग है कि राखी के दिन इन महिला बहनों के लिए जयपुर डेयरी की तरफ से एक टोकन आफ गिफ्ट अवश्य दिया जाए।

### राहटकर का BJP प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने किया स्वागत

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर का जयपुर प्रवास के दौरान शनिवार को भाजपा की ओर से कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब के सभागार में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राहटकर का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने में ताई विजया राहटकर का महत्वपूर्ण योगदान है। समारोह में विधायक श्रीचंद कृपलानी, सांसद मंजू शर्मा अनेक भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने राहटकर को शॉल और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### पूर्व RPSC सदस्य कटारा की जमानत अर्जी खारिज

**बेधड़क, जयपुर।** सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 के पेपर लीक मामले में तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पीठासीन अधिकारी सुनील रणवाह ने आदेश में कहा कि सार्वजनिक परीक्षाओं के पेपर लीक होने से समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। अर्जी में आरोपी कटारा ने कहा कि उसे मात्र शंका के आधार पर आरोपी बनाया है। प्रश्नपत्र से संबंधित कोई भी सामग्री उससे बरामद नहीं हुई है।

## जरूरी खबर

### हाउसिंग बोर्ड पांच जिलों में लाएगा आवासीय योजना



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल अप्रैल और मई में जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, कोटा और हनुमानगढ़ सहित कई जिलों में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करेगा। इन योजनाओं में फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी वर्गों के लोगों को किफायती दरों पर सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास मिल सकेंगे। इसके साथ ही अटरू, गजनपुरा, नैनवां, लाखेरी और धौलपुर में भी आवासीय योजनाएं जल्द शुरू की जाएंगी। जैसलमेर व शाजहांपुर (नीमराना के पास) में भी नई योजनाओं की तैयारी चल रही है। इन योजनाओं में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मां के प्रेमी ने नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म

**बेधड़क, जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग बच्ची की मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। मां अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी से दुष्कर्म कराती थी। परेशान होकर बेटी घर से बिना बताए चली गई। गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने उसे दस्तयाब कर लिया। दस्तयाब कर मेडिकल कराया तो वह डेढ़ महीने की गर्भवती निकली। जानकारी जुटाने पर उसने अपनी मां और उसके प्रेमी पर दुष्कर्म करने के आरोप लगाए। थाना प्रभारी बलवीर कंस्वा ने बताया कि पुलिस ने बिहार से मां और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के पिता और भाई दिल्ली में मजदूरी करते हैं।

### दो चेन स्नेचर और खरीदार गिरफ्तार

**बेधड़क, जयपुर।** कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने मालवीय नगर में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों और एक खरीददार को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश शर्मा, धर्मराज गुर्जर और चेन का खरीददार मोहन कुमार अग्रवाल मानसरोवर स्थित रजत पथ का निवासी है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटी गई चेन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है। डीसीपी क्राइम कुंदन कंवरिया ने बताया कि इस कार्रवाई में कांस्टेबल धर्मी और ओमप्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपी बिना नंबर की बाइक से शहर में वारदात करते थे।

## जयपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी, होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

# 101 हवाई तोपों की सलामी के साथ होगा श्रीराम का जन्माभिषेक

**बेधड़क | जयपुर**

चैत्र शुक्ल नवमी पर रविवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पूरे जयपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के प्रमुख मंदिरों ठिकाना रामचंद्रजी मंदिर चांदपोल, मंदिर श्री सीतारामजी चौपड़, खोले के हनुमान जी, हाथोज धाम और गलता तीर्थ में मुख्य आयोजन होंगे। मंदिर श्री रामचंद्रजी के महंत नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि सुबह मंगला आरती के बाद 11 बजे पंचामृत अभिषेक किया जाएगा, जिसमें 500 किलो दूध और इत्र, गुलाब, केशर, केवड़ा आदि से भगवान का स्नान होगा। इसके बाद श्रीराम दरबार को रत्नजड़ित पोशाक और पारंपरिक राजसी आभूषण पहनाए जाएंगे। दोपहर 2:30 बजे श्रीराम लला की जन्म आरती होगी। शाम को हवाई तोपों से 101 सलामी और महाआरती के साथ 51 किलो मावे-मेवे का राम जन्म केक काटा जाएगा। शाम को 7 बजे महाआरती में शामिल होने के लिए ठिकाना मंदिर रामचन्द्रजी ने राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी निमंत्रण दिया है। खोले के हनुमान मंदिर परिसर में स्थित सियाराम जी का सुबह 6 बजे ऋतु फल, औषधीय जल और पंचामृत से अभिषेक होगा।



### नूतन पोशाक धारण कराई जाएगी

हाथोज धाम में रामनवमी महोत्सव यज्ञ पूर्णाहुति और महाआरती के साथ अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:15 बजे मनाया जाएगा। हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम के विग्रह का पंचामृत एवं औषधीय जल से अभिषेक कर नूतन पोशाक धारण कराई जाएगी।

### मोती डूंगरी में फूल बंगला झांकी

रवि पुष्य नक्षत्र का संयोग रहने से मोती डूंगरी, नहर के गणेश सहित सभी मंदिरों में प्रथम पूज्य का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला की झांकी सजाई जाएगी। भगवान को मोदक का भोग अर्पित किया जाएगा।

### अभिजीत मुहूर्त में होगी पूजा-अर्चना

रामनवमी के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि भगवान राम का जन्म कर्क लग्न और अभिजीत मुहूर्त में मध्यान्ह 12 बजे हुआ था। इस वर्ष रामनवमी के दिन रवि पुष्य योग, रवि योग, सुकर्मा योग और सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जिससे पूजा अत्यंत शुभ फल देने वाली होगी। रामनवमी के दिन कन्या पूजन भी किया जाएगा। इससे पूर्व शनिवार को अष्टमी के अवसर पर भी घरों में कन्याओं का पूजन कर उन्हें हलवा, पूड़ी, चने की सब्जी व मिठाई खिलाई गई और उपहार देकर देवी स्वरूप कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

### भगवान राम नगर भ्रमण पर निकलेंगे

जयपुर में रविवार को रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सूरजपोल अनाज मंडी से शाम 4 बजे त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास के सान्निध्य में यह यात्रा रवाना होगी। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान सहित 30 झांकियों के साथ 5 हाथी, 8 ऊंट और 8 घोड़े शामिल होंगे। श्रीराम दरबार की झांकियों संग संकीर्तन मंडली भक्ति भाव से आगे बढ़ेगी। रथों में जेकेलोन गणेशजी, जीण माता, वैष्णो देवी, नीली हवेली वाले हनुमानजी, शिव-पार्वती, हनुमान उड़ान झांकी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

## झारखंड मोड़-खातीपुरा रोड चौड़ीकरण पर बढ़ा विवाद

# JDA की कार्रवाई का विरोध अब कमेटी करेगी फैसला

- हाईकोर्ट के निर्देश पर जेडीए ने किया चिह्नीकरण
- विधायक गोपाल शर्मा ने कार्रवाई को 'तानाशाहीपूर्ण' बताया

**बेधड़क | जयपुर**

झारखंड मोड़ से खातीपुरा तिराहे होते हुए 200 फीट बाईपास तक सड़क को 160 फीट चौड़ा करने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण ने शनिवार को चिह्नीकरण की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई के विरोध में स्थानीय लोग और व्यापारी सड़कों पर उतर आए। विरोध को देखते हुए जेडीए ने आगामी 9 अप्रैल को अतिक्रमण हटाने की तैयारी के साथ-साथ 7 व 8 अप्रैल को समझाइश के लिए पांच टीमें गठित की हैं।

शनिवार सुबह जेडीए की टीमें जैसे ही चिह्नीकरण के लिए पहुंचीं, व्यापारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि चिह्नीकरण में सड़क के डिवाइडर को आधार न बनाकर एकतरफा निर्माण को निशाना बनाया जा रहा है। मौके पर विवाद बढ़ने पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर वैशाली नगर थाने ले जाया गया। मामला गरमाने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मौके पर पहुंचे और जेडीए की कार्रवाई को "तानाशाहीपूर्ण" बताते हुए उसे त्योहार के मौके पर अनुचित बताया। उन्होंने कार्रवाई रुकवाकर जनसमिति से संवाद कर समाधान निकालने की बात कही। विधायक शर्मा ने कहा, 'जेडीए का 2025 का मास्टर प्लान अब प्रासंगिक नहीं है। वर्षों से बसी कॉलोनियों में इस तरह की तोड़फोड़ उचित नहीं है। सड़क चौड़ी करने के बजाय एलिवेटेड रोड बनाया जाए, जिसमें नीचे पार्किंग भी विकसित की जाए।'



*विधायक गोपाल शर्मा जेडीए अधिकारियों और आमजन के साथ निरीक्षण करते हुए।*

### जेडीए पहले किए गए कमिटमेंट्स का रखेगा ध्यान

झारखंड मोड़ से खातीपुरा तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण के मामले में जयपुर विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि पहले से किए गए कमिटमेंट्स का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जेडीए अधिकारियों ने बताया कि जोनल डेवलपमेंट प्लान के अनुसार ही एलाइनमेंट तय किया गया है। जेडीए की ओर से कहा गया है कि जिन लोगों को पट्टे जारी किए हैं या भवन निर्माण की स्वीकृति दी है, उनके निर्माणों को नहीं हटाया जाएगा।




> इस मामले में सीएमओ में और जेडीए आयुक्त आनंदी से बात की है और कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी स्थानीय विधायकों से चर्चा करेगी। इन विधायकों में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और विधायक गोपाल शर्मा शामिल हैं। कमेटी के फैसले के अनुसार ही सड़क को चौड़ा करने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **झाबर सिंह खर्रा,** यूडीएच मंत्री




## पशु परिचर परीक्षा...

# नॉर्मलाइजेशन को लेकर अभ्यर्थियों ने जताई आपत्ति

- चयन बोर्ड के अध्यक्ष बोले- कैंडिडेट्स की पीड़ा जायज

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पशु परिचर भर्ती परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन और स्केलिंग को लेकर अभ्यर्थियों ने गहरी आपत्ति जताई है। परीक्षा एक से अधिक शिफ्टों में आयोजित होने से प्रश्नपत्र की कठिनाई में फर्क रहा, जिसे एक स्तर पर लाने के लिए की गई नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों में असंतोष है। इसको लेकर अभ्यर्थी सोमवार को कर्मचारी चयन बोर्ड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि नॉर्मलाइजेशन के नाम पर उनके साथ अन्याय हुआ है। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने भी माना कि युवाओं की पीड़ा जायज है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाएं एक शिफ्ट में कराना संभव नहीं है, लेकिन भविष्य में कम से कम शिफ्टों में परीक्षा कराने और नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में सुधार करने पर प्रयास किए जाएंगे।




### DV के बाद जारी होंगे फाइनल परिणाम

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि नवंबर और जनवरी में हुई कुल 20 परीक्षाओं के फाइनल परिणाम दस्तावेज सत्यापन के बाद एक साथ जारी किए जाएंगे। जनवरी में हुई 12 परीक्षाओं के डीवी से पूर्व परिणाम पांच महीने में आ जाएंगे, जबकि नवंबर की आठ परीक्षाओं का परिणाम 20 मई के आसपास जारी होगा।

### जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 12 अप्रैल को

803 पदों पर होने वाली जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड 8 अप्रैल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। बोर्ड ने इसके लिए ड्रेस कोड भी जारी किया है। परीक्षा 12 अप्रैल को दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी।

## शनिवार को टिकटों की बिक्री नहीं होने से युवा हुए निराश

# अब सात अप्रैल से मिलेंगे IPL के टिकट

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 13 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मुकाबले को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दिन राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को मैच के टिकट खरीदने का इंतजार है। बता दें कि पहले मैच टिकट की ऑफलाइन सेल पांच अप्रैल से शुरू होने वाली थी। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में युवा शनिवार सुबह एसएमएस स्टेडियम टिकट खरीदने पहुंचे थे। लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से अब टिकट की बिक्री सोमवार से शुरू होगी। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाले पहले मुकाबले के लिए एसएमएस स्टेडियम में बॉक्स ऑफिस बनाया गया है। जो ईस्ट, नॉर्थ और वेस्ट गेट पर बनाया गया है। जहां 7 अप्रैल से सुबह 10 बजे से ऑफलाइन टिकट की सेल शुरू होगी। यहां हर कैटेगरी के टिकट उपलब्ध होंगे। जिन्हें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बेचा जाएगा।

### आईपीएल मैच देखना होगा मंहगा

जयपुर में होने वाले आईपीएल मुकाबले दर्शकों के लिए महंगे पड़ सकते हैं। क्योंकि आरआर ने अपनी टिकटों की रेट में तीन हजार रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि स्टूडेंट्स को राहत दी गई है। जयपुर में होने वाले मैच में स्टूडेंट्स के लिए आईडी दिखाने पर एक हजार रुपए का डिस्काउंट दिया जाएगा। उन्हें 1500 रुपए का टिकट महज पांच सौ रुपए में मिलेगा।

## जयपुर में बिना मान्यता चल रहे मदरसे...

# विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने की जांच की मांग

**बेधड़क, जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने जयपुर में बिना सरकारी मान्यता के चल रहे मदरसों की जांच को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को पत्र लिखा है। विधायक ने पत्र में आरोप लगाया कि जयपुर शहर में कई मदरसे बिना किसी वैधानिक स्वीकृति के संचालित हो रहे हैं, जिनमें अनैतिक गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन मदरसों के संचालक आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं और इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। बालमुकुंदाचार्य ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि अधिकतर मदरसों में कोई निगरानी तंत्र नहीं है, जैसे कि सीसीटीवी कैमरे आदि। उन्होंने जिला प्रशासन से इन मदरसों की तत्काल जांच कर अवैध रूप से संचालित संस्थानों को बंद कराने की मांग की है।



### मौलाना ने 23 साल की युवती से किया फर्जी निकाह

वहीं, शनिवार को एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें जलमहल के पास संचालित एक मदरसे के 47 वर्षीय मौलाना ने 23 साल की युवती से फर्जी निकाह कर लिया। पीड़िता के पिता ने ब्रह्मपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें मौलाना पर युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण और फर्जी निकाह के आरोप लगाए हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि उक्त मदरसा न तो राज्य सरकार से पंजीकृत है और न ही किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मान्यता प्राप्त है। आरोप है कि वहां पहले भी गरीब बच्चियों के साथ अनैतिक कार्य किए गए हैं और खाड़ी देशों से हवाला और चंदे के जरिए फंडिंग होती रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुबई में बैठकर क्या-क्या प्लान बनाए, जानकारी जुटाएगी टीम

# लॉरेंस गैंग: आदित्य जैन से पूछताछ के लिए SIT गठित

**बेधड़क | जयपुर**

दुबई से प्रदेश के कारोबारियों को डब्बा कॉल कराने वाले लॉरेंस गैंग के गुर्गे आदित्य जैन से पूछताछ के लिए पुलिस मुख्यालय ने एसआईटी गठित की है।

जैन ने दुबई में बैठकर गैंगस्टर रोहित गोदारा व वीरेंद्र चारण के कहने पर क्या साजिश रची और कारोबारी के नंबर किसने दिए, इन बिंदुओं पर एसआईटी जानकारी जुटाएगी। शनिवार को एजीटीएफ ने आदित्य जैन को फिरौती के मामले में कड़ी सुरक्षा के बीच कुचामन कोर्ट में पेश किया, जहां उसकी बेल याचिका खारिज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोर्ट ने एजीटीएफ के प्रोडक्शन वारंट को भी मंजूरी दी। अब आदित्य को जेल से रिमांड पर लिया जाएगा। आदित्य से एजीटीएफ टीम के एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम पूछताछ करेगी। टीम में इंस्पेक्टर रविन्द्र प्रताप, मनीष कुमार शर्मा, सुनील जांगिड़, एसआई कमलेश चौधरी, हेड कांस्टेबल सन्नी कुमार, मोहन भूरिया और कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार को शामिल किया गया है।

### डब्बा कॉल सेंटर चलाने के लिए बनाया डमी ऑफिस

गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने दुबई से राजस्थान के कारोबारियों को धमकाने के लिए डब्बा कॉल का नेटवर्क खड़ा किया। इस काम के लिए उन्होंने आदित्य जैन को ट्रेवल एजेंसी के नाम पर एक डमी ऑफिस मुहैया कराया था। इस ऑफिस से आदित्य जैन दोनों गैंगस्टरों के इशारे पर डब्बा कॉल के जरिए धमकी भरे कॉल करवाता था और गैंग के सदस्यों की बातचीत कराता था। धमकियों के बाद हवाला के जरिए जो पैसा दुबई पहुंचता था, उसे भी आदित्य ही रिसीव करता और आगे गैंग के निर्देश पर दूसरी जगहों पर ट्रांसफर कर देता था।



### पहचान छुपाने के लिए नाम बदला

आदित्य जैन चूरू के सरदारशहर जेल में गैंगस्टर वीरेन्द्र चारण के संपर्क में आया था। इसके बाद से ही इसने लॉरेंस गैंग के लिए काम करना शुरू कर दिया था। चारण ने गैंग के अन्य लोगों से इसकी पहचान छुपाने के लिए इसका टोनी नाम रखा था। जबकि इसका असल नाम आदित्य जैन है।

### काबिलियत के अनुसार काम

व्यापारियों से रंगदारी वसूलने के लिए लॉरेंस गैंग काबिलियत के अनुसार गुर्गों को काम देती है। जो गुर्गा ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं होता है और नशा करता है, उसे फायरिंग का काम देते हैं। राजू ठेहठ, सुखदेव सिंह गोगामेड़ी मर्डर में ऐसे ही गुर्गे शामिल थे। वहीं, गैंग तेज दिमाग वाले गुर्गों को डब्बा कॉल का काम देती है। पूर्व में अमरजीत को यह काम दिया था लेकिन पकड़ में आने के बाद फरवरी—2024 से यह काम आदित्य जैन को दे रखा था।

## 38 लाख का कर्जा उतारने के लिए बनाई गैंग

# JDA अप्रूव्ड भूखंड को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचा

**बेधड़क, जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने जेडीए अप्रूव्ड प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाकर 4 करोड़ रुपए में बेचने वाली गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी अंशुल खन्ना (35), रिषभ देव शर्मा (35) और राकेश सैनी (27) हैं। आरोपियों ने जेडीए की वेबसाइट से प्लॉट डिटेल निकालकर एडिटिंग टूल्स से फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी और चालान रसीदें तैयार कीं। प्लॉट की असली मालिक श्यामा परतानी के आधार कार्ड में एडिटिंग कर पुरुष की फोटो लगाई गई और पति की जगह पुत्र दर्शाया गया। इसके बाद आरोपियों ने 320 वर्गगज के भूखंड का सौदा 3.20 करोड़ में किया। इससे पहले भी उन्होंने नरेश गुप्ता से 75 लाख रुपए ले लिए थे लेकिन रजिस्ट्री नहीं करवाई। गैंग ने रुपए आपस में बांट लिए। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद के मुताबिक, अंशुल खन्ना ने कर्ज के चलते जून-2024 में यह साजिश रची थी। इस कार्रवाई में कांस्टेबल अजयपाल और पवन कुमार की अहम भूमिका रही। भूखंड के असली मालिक गोविंद नारायण परतानी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिन्होंने 1981 में यह प्लॉट खरीदा था और 2001 में अपनी पत्नी के नाम पट्टा कराया था।



## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य प्रभारी और जमादार को रिश्वत के साथ पकड़ा



**उदयपुर।** एसीबी की उदयपुर स्पेशल यूनिट ने कार्रवाई करते हुए उदयपुर नगर निगम के स्वास्थ्य प्रभारी कमलेश चनाल और जमादार अनिल को 8 हजार रुपए की रिश्वत के आरोप में पकड़ा है। एसीबी डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि 1 अप्रैल को शिकायत मिली थी कि परिवादी सफाईकर्मी के हाथ में चोट लग जाने पर हल्के कार्य करवाने के एवज में 10 हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। शनिवार को ट्रेप कार्रवाई कर 8 हजार रुपए के साथ दोनों आरोपियों को पकड़ा गया।

### हाईवे पर स्लिप हुई बाइक, तीन लोगों की मौत

**कोटा।** नेशनल हाईवे 52 स्थित गोपालपुरा माताजी के दर्शन कर वापस लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में दंपती और उनका पोता शामिल है। हादसा बाइक स्लिप होने के कारण हुआ। दंपती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पोते की अस्पताल में मौत हो गई। मंडाना थाना अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर की है। कोटा के महावीर नगर निवासी ओम प्रकाश उनकी पत्नी बेबी और पोता युग गोपालपुरा माताजी के दर्शन कर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे 52 पर ब्रेकर से बचने के लिए बाइक को नीचे उतारा। वापस हाईवे पर चढ़ाते समय बाइक स्लिप होने के कारण हादसे में मौत हो गई।

### नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या



**कोटा।** शहर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही एक और छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा प्रतिष्ठा महावर बोरखेड़ा के प्रगति नगर की रहने वाली थी। छात्रा ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर में उस वक्त छात्रा की मां मौजूद थी, मां ने बेटी को फंदे से लटका देख अपनी दूसरी बेटी को लाइब्रेरी में जाकर इसकी सूचना दी। इसके बाद छात्रा को नीचे उतार कर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रतिष्ठा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक छात्रा घर में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि छात्रा प्रतिष्ठा महावर बीते कई दिनों से पढ़ाई के लिए तनाव में चल रही थी।

## राजस्थान में हीटवेव का असर शुरू

# राज्य में 43.6 डिग्री पहुंचा पारा, सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। शनिवार को प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान 37 से 43 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 1 से 5 डिग्री तक अधिक रहा। इस दौरान सर्वाधिक तापमान पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में 43.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक रहा।

शनिवार को पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में हीटवेव का असर रहा। आगामी 2-3 दिनों में हीटवेव के क्षेत्र तथा तीव्रता दोनों में बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान-राजस्थान की सीमा पर एक एंटी साइक्लोन बनने और उसके असर से पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने के कारण अचानक गर्मी तेज हो रही है।



### 6 जिलों में तेज गर्मी

प्रदेश के छह जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज होने के कारण गर्मी का असर अधिक रहा। इस दौरान चितोड़गढ़ में 41.3, जैसलमेर में 41.3, कोटा में 40.4, जोधपुर में 40.5, जालौर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इस दौरान बाड़मेर,जैसलमेर, कोटा, चितोड़गढ़, जोधपुर के कुछ क्षेत्र में दिन में हीटवेव भी चली। राजधानी जयपुर में शनिवार को दिन का तापमान 38 डिग्री रहा। वहीं रात का तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है। शुक्रवार रात को फलौदी में सर्वाधिक तापमान 25.2 डिग्री रहा वहीं बाड़मेर में 25, जैसलमेर में 24.4, जोधपुर और जयपुर में 23 डिग्री तापमान रहा, वहीं रात का सबसे कम तापमान माउंट आबू में 14.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### आज भी बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग ने प्रदेश में तापमान बढ़ने के साथ हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री और बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। 6-7 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में कुछ भागों में अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री व पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री दर्ज होने की प्रबल संभावना है। वहीं 6-8 अप्रैल के दौरान राज्य में कहीं-कहीं तीव्र हीटवेव की भी संभावना है।

## पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर हंगामा... बदसलूकी

# बॉडी गार्ड ने रिवाल्वर निकाल कलेक्टर को भीड़ से बचाया

■ धौलपुर पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार

■ इधर, सीकर में एसएफआई ने किया एसपी ऑफिस का घेराव

**बेधड़क | धौलपुर**

यहां जिला कलेक्टर के साथ हुई धक्का-मुक्की का मामला तूल पकड़ने लगा है। घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे डाकखाना चौराहे की है। बदसलूकी का आरोप कांग्रेस विधायक के चाचा और उनके समर्थकों पर हैं। दरअसल, आईएएस श्रीनिधि बीटी शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। तभी एमएलए रोहित बोहरा के घर के बाहर उनका विवाद हो गया। मामला बढ़ता देख कलेक्टर के बॉडीगार्ड ने उन्हें भीड़ में से खींच लिया। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, सीकर में शेखावाटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में एसएफआई के छात्रों से पुलिस द्वारा की गई मारपीट के खिलाफ संगठन ने शनिवार को एसपी ऑफिस का घेराव किया।

जानकारी के अनुसार धौलपुर शहर में जल भराव की समस्या को लेकर नगर परिषद, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त अतिक्रमण हटाने का संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत शुक्रवार शाम को टीम जब अतिक्रमण हटाते हुए विधायक के घर के पास पहुंची तो उनके चाचा प्रदीप बोहरा व उनके समर्थकों ने हंगामा किया। टीम के साथ कलेक्टर भी मौजूद थे। इस दौरान विधायक के समर्थक बुलडोजर के सामने खड़े हो गए थे। कलेक्टर ने बोहरा के समर्थकों को समझाने का प्रयास किया तो एक समर्थक ने धक्का-मुक्की कर दी और उनकी कॉलर पकड़कर खींचा। इससे पहले एसपी सुमित मेहरड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच चुके थे।



*जिला कलेक्टर से हाथापाई करते कांग्रेस कार्यकर्ता व अन्य।*

### विधायक के चाचा से पूछताछ

विधायक के चाचा प्रदीप बोहरा शुक्रवार रात घटना के दौरान विधायक के घर में घुस गए थे। उसके समर्थक भी एसपी और पुलिस फोर्स पहुंचने के बाद पीछे हट गए थे। हालांकि, विधायक के चाचा का दावा है कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार की धक्का-मुक्की नहीं की गई है। अंधेरे में किसी समर्थक ने किसी को धक्का दिया होगा, तो उसकी जानकारी नहीं है। घटना को लेकर निहालगंज थाने में मामला दर्ज कराया गया है। कलेक्टर से बदसलूकी करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में रवि सिकरवार, रवि लोढ़ा और राम वकील गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, शांति भंग करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार सुबह प्रदीप बोहरा व उनके कई समर्थकों से पुलिस ने थाने में पूछताछ भी की।

### SFI ने की नारेबाजी, दी आंदोलन की चेतावनी



*मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते एसएफआई कार्यकर्ता।*

शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पिछले दिनों आयोजित दीक्षांत समारोह में एसएफआई के छात्रों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने के विरोध में एसएफआई ने शनिवार को एसपी ऑफिस का घेराव किया। छात्रों ने एसपी ऑफिस के बाहर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। एसएफआई के जिला अध्यक्ष महिपाल गुर्जर ने कहा कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल भी मौजूद थे। यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन ने समारोह में पीठाधीश्वर कैलाशनंद को बुलाया था, जिसका छात्रों ने विरोध किया और नारेबाजी की। गुर्जर ने बताया कि इस दौरान विरोध कर रहे छात्रों को पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व जिला स्पेशल टीम ने छात्रों के साथ मारपीट की। इसमें छात्र देवराज के मुंह व कान से खून बहने लगा और उसके कान का पर्दा फट गया। एसएफआई ने पुलिस प्रशासन को चेताया कि छात्रों के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करे। मांग नहीं मानी गई तो एसएफआई राज्यभर में आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला पुलिस प्रशासन की होगी।

## नंद घर ने हासिल किया बड़ा मुकाम

# 8 हजार नंद घर कर रहे महिला-बच्चों को सशक्त



*नंद घर*

**बेधड़क | जयपुर**

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल 'नंद घर' ने अब तक देश के 15 राज्यों में 8,044 आधुनिक आंगनबाड़ियों की स्थापना करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह विस्तार वेदांता की ग्रामीण विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और महिलाओं के लिए कौशल विकास को मजबूत किया जा रहा है।

नंद घर से अब तक 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास की सुविधाओं का लाभ मिला है। नंद घर पारंपरिक आंगनबाड़ियों का आधुनिक रूप हैं, जो उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां स्मार्ट शिक्षा उपकरण व सुविधाएं भी दी जाती हैं, ताकि 3-6 साल के बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया जा सके।

साल 2024-25 उपलब्धियों का एक खास साल रहा है। कुपोषण से लड़ने के लिए, नंद घर ने दो चरणों में प्रोटीन युक्त मिलेट शेक वितरित किए, जिससे छह राज्यों के बच्चों को लाभ मिला। महाराष्ट्र में पहली बार 25 नए नंद घर शुरू किए गए, जिससे ठाणे जिले में गुणवत्तापूर्ण बाल शिक्षा और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा मिला। वहीं, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने अगले दो वर्षों में राजस्थान में 20 हजार नंद घर विकसित करने का संकल्प लिया है, जिससे ग्रामीण समुदायों पर इसका प्रभाव और भी मज़बूत होगा।

### जमीनी स्तर पर जीवन बदल रहे

इस उपलब्धि पर प्रिया अग्रवाल हेब्बर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि 8 हजार नंद घरों की यात्रा हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम जमीनी स्तर पर जीवन में बदलाव लाने के लिए तत्पर हैं।

# डेढ़ सौ ट्रॉली अवैध बजरी जब्त, सरकारी जमीन पर था भंडारण

**बेधड़क | उदयपुर**

जिले की ओगणा थाना पुलिस और झाड़ोल एसडीएम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के समीजा में अवैध रूप से जमा की गई करीब डेढ़ सौ ट्रॉली बजरी जब्त की है। अवैध बजरी को सरकारी जमीन पर भंडारण कर बेचा जा रहा था। झाड़ोल डीएसपी नेत्रपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की।

डीएसपी सहित ओगणा थानाधिकारी राम अवतार और झाड़ोल एसडीएम कपिल कोठारी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। वहां उन्हें अवैध रूप से लाई गई बजरी का भंडारण मिला। पुलिस ने बजरी को जब्त कर संबंधित पटवारी को बुलाकर मौका पर्चा बनवाया। फिर खनन विभाग को सूचना दी गई। वहीं, पुलिस ने बजरी भंडारण करने वाले लोगों की पहचान कर ली है।

## अजमेर में विधानसभाध्यक्ष ने 195 लोगों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि की वितरित

# शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उत्थान का आधार: वासुदेव देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 195 परिवारों के लिए शनिवार का दिन खुशियां लेकर आया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने विवेकानुदान से प्रतिभाशाली निर्धन विद्यार्थियों, विधवा एवं गरीब महिलाओं तथा जरूरतमंद लोगों को पांच-पांच हजार रुपए वितरित किए। राशि पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। देवनानी ने के.डी. साहू समारोह स्थल में विवेकानुदान तथा स्वेच्छानुदान कोटे से 10 लाख की राशि से 195 परिवारों को सहायता दी। दो कैंसर पीड़ित परिवारों को 10-10 हजार एवं शेष परिवारों को 5-5 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। इस मौके पर देवनानी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उत्थान का आधार है। विद्यार्थी कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ अध्ययन करें और सफलता प्राप्त कर सभी का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि कोटड़ा में भी 50 बेड का सैटेलाइट अस्पताल स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर रमेश सोनी, राजेश शर्मा, सीताराम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




*कार्यक्रम में सहायता राशि का चेक प्रदान करते स्पीकर देवनानी।*

### लगातार हो रहा विकास का काम

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को अजमेर के दौरे पर रहे। देवनानी ने कुंदन नगर स्थित वार्ड 60 में 49 लाख और 15 लाख की लागत से बनने वाली दो सड़कों के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवनानी ने बताया कि कुछ समय में ही यह सड़क बनाकर तैयार होगी, जिससे यहां की विभिन्न समस्याएं दूर होंगी।

# युवक का शव मिलने पर थाने के सामने प्रदर्शन



**बेधड़क | झालावाड़**

जिले के डग थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव के जंगल में युवक का शव मिलने के मामले में परिजनों व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने डग थाने के सामने धरना प्रदर्शन कर जाम लगाया। परिजनों ने युवक की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। परिजनों व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ डग तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया, सीआई पवन कुमार मीणा व डीएसपी जयप्रकाश अटल द्वारा समझाइश की गई और मामले को शांत किया गया। मौके पर एफएसएल टीम व गंगधार, पगरिया, उन्हेल थानाधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले जिले के डग थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव के एक युवक का शव मिलने की सूचना पर डग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की शिनाख्त लक्ष्मण लाल निवासी देवगढ़ के रूप में की।

## डीग पुलिस की अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई

# चार साइबर ठगों की 1.25 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

■ गाड़ियां और आलीशान मकान किए चिह्नित

**बेधड़क | डीग**

जिला पुलिस ने चार साइबर ठगों की अवैध रूप से अर्जित चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। अब कोर्ट से अनुमति मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। ये आरोपी साइबर ठगी से कमाए गए पैसे से संपत्तियां बनाते जा रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। डीग पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने बताया कि जिले के जुरहरा और पहाड़ी थाना क्षेत्र में सक्रिय चार साइबर अपराधियों की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी की गई है। इन अपराधियों ने साइबर ठगी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के जरिए भारी मात्रा में पैसा कमाया और उससे गाड़ियां व आलीशान मकान खरीदे। इनकी चल-अचल संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए है।




### नए कानून के तहत कार्रवाई

एसपी मीणा के अनुसार जिन संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा उनमें एक-एक स्विफ्ट व क्रेटा कार तथा एक बोलेरो गाड़ी और आलीशान मकान शामिल हैं। यह कार्रवाई नए साइबर अपराध कानून की धारा 107 के तहत की जा रही है, जिसके अंतर्गत अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा सकता है।

### ठगी के पैसों से बनाया था तस्लीम ने मकान

पहाड़ी सीओ गिर्राज मीणा ने बताया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के गादानेर गांव निवासी तस्लीम की संपत्ति को भी कुर्क किया जाएगा। तस्लीम का मकान ठगी के पैसों से बनाया गया है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई का मकसद यह है कि अपराधियों में कानून का डर पैदा हो।

### 9 महीने पहले भी की थी बड़ी कार्रवाई

करीब 9 महीने पहले सीकरी थाना इलाके के रायपुर सुकेती गांव में भी साइबर ठग दाउद पुत्र निसार ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर 2 हजार वर्ग फीट में मकान बनाया था। यह मकान साइबर ठगी के पैसे से बनाया हुआ था, जिसे पुलिस ने तोड़ने की कार्रवाई की। पांच घंटे में पूरा मकान भरभरा कर जमींदोज हो गया। बता दें कि डीग जिले में साइबर ठगी को पूरी तरह से खत्म करने के लिए भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश के नेतृत्व में ऑपरेशन एंटी वायरस चलाया गया था। आरोपी ने डेढ़ साल पहले ठगी की रकम से 70 लाख रुपए की लागत से यह मकान बनवाया था। आरोपी पर एटीएम लूटने और हत्या के प्रयास के 2 मामले सीकरी में दर्ज थे।

### रैफल्स यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्टूडेंट्स को किया मोटिवेट

# 21 को गोल्ड मेडल सहित 344 विद्यार्थियों को दी डिग्रियां

**बेधड़क** | जयपुर

नीमराणा स्थित रैफल्स यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह यूनिवर्सिटी कैम्पस में मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी से विभिन्न क्षेत्रों में प्रोफेशनल योग्यता हासिल की है, जो न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक होगी, बल्कि समाज की सेवा में उनके योगदान को बढ़ाएगी। विद्यार्थी यहां से बाहर कदम रखेंगे तो असली दुनिया का सामना करेंगे, जहां जीवन की वास्तविकताओं से सामना होगा। समारोह में अकादमिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए 344 विद्यार्थियों को पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक डिग्रियां दी गईं। विभिन्न विभागों के 21 गोल्ड मेडलिस्ट्स को मेडल्स देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायाधीश जस्टिस दीपांकर दत्ता और एमार दुबई संस्थापक मोहम्मद अलब्बर विशिष्ट अतिथि रहे। मोहम्मद अलब्बर को डॉक्टरेट डिग्री (ऑनोरिस कॉसा) से सम्मानित किया गया।



दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व अन्य अतिथि।

## यूनिवर्सिटी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत

यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) राजेंद्र सिंह सांगवान ने यूनिवर्सिटी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) सांगवान ने कहा कि आज का दिन विद्यार्थियों के जीवन का एक अहम क्षण है, जो न केवल उनके अकादमिक उपलब्धियों का जश्न है, बल्कि उनकी मेहनत, समर्पण और बौद्धिक विकास का प्रमाण है। समारोह की अध्यक्षता, यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन विवेक गोम्बेर ने की। वहीं गोम्बेर एजुकेशन फाउंडेशन चेयरपर्सन डॉ. जस्टिस मीना वी. गोम्बेर उपस्थित रही।

# Events

## सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रोता



**बेधड़क, जयपुर।** वैशाली नगर में गोकुलधाम जानकी पैराडाइस में चल रही भागवत कथा का समापन हुआ। संत महामंडलेश्वर ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज के मुखारविंद से 29 मार्च से मंगल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का प्रारंभ हुआ था, जो सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय कथा व परीक्षित मोक्ष के वृतांत के साथ समाप्त हुई। कथा में अवधेशाचार्य महाराज-गलता पीठ, पूर्व विधायक सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, विधायक गोपाल शर्मा, चंद्रभान सिंह आख्या व शत्रुघ्न गौतम, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गजेंद्र सिंह, श्रीपाल शक्तावत, महेंद्र यादव, धनंजय सिंह, संजीव भार्गव, सत्यनारायण शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप पालीवाल, बिजेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने गुरुदेव उत्तम स्वामी का आशीर्वाद लिया।

## राष्ट्रीय आरोग्य मेला 11 से 14 तक



**बेधड़क, जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 11 से 14 अप्रैल तक राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस मेले में रोग से बचाव और सामान्य चिकित्सा पर देश-विदेश के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। अवधेश श्रीवास्तव, वैद्य भवानी मिश्र और हरिराम रिणवा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, औषधि वितरण और आरोग्य शिक्षा सत्र होंगे। साथ ही आयुर्वेद प्रदर्शनी में विभिन्न संस्थानों द्वारा अनुसंधान और उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी।

## विकास मेवाड़ा बने प्रदेश अध्यक्ष

**बेधड़क, जयपुर।** समाजसेवी विकास मेवाड़ा को कांवरिया सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत त्रिलोकीनाथ महाराज से राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मेवाड़ा ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वे पूरे मन से निभाएंगे और संगठन के हित में काम करेंगे। मेवाड़ा की नियुक्ति पर प्रदेश कांवरिया सेना संगठन के सदस्यों पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और खुशी व्यक्त की।



### 'वनवासी राम' में बच्चों ने धरे राम-सीता व राक्षसों के रूप

# स्कूली बैग छोड़, भगवा वेश में करने लगे श्रीराम का गुणगान


विशेष शिक्षण गतिविधि 'वनवासी राम' में प्रस्तुति देते स्टूडेंट्स।

**बेधड़क** | जयपुर

स्टूडेंट्स स्कूली बैग छोड़कर भागवा धारण किया और राम का गुणगान करते नजर आए। वे संदेश देते हुए धर्म और आध्यात्म से जुड़े। यह अनूठा नजारा था प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल में विशेष शिक्षण गतिविधि 'वनवासी राम' का, जिसमें बैग फ्री डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने-अपने स्कूल बैग छोड़कर एक दिन भगवान श्रीराम के वनवास जीवन से जुड़े प्रसंगों को अभिनय, संवाद और कला से जीवंत किया।

## पारंपरिक परिधानों में दी प्रस्तुति

विशेष बात रही कि बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, वनवासी, ऋषि-मुनियों और राक्षसों की भूमिकाएं निभाकर भाव-विभोर कर दिया। प्रस्तुतिकरण ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को उजागर किया, बल्कि टीमवर्क, आत्मविश्वास और संवाद क्षमता कौशल को दर्शाया। इस अवसर पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत, विद्यालय प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला तथा शैक्षणिक प्रमुख राजेश कंथारिया उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए सभी से कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ रहे

रावत एजुकेशनल ग्रुप निदेशक व अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी सचिव नरेंद्र रावत रावत ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और व्यवहारिक जीवन से भी जुड़ें।"

## अभिभावक हुए शामिल

स्कूल कैंपस में हुए इस अनूठे आयोजन में शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम की प्रशंसा की। सभी ने परफॉर्म करने वाले बच्चों का तालियों से उत्साह बढ़ाया। वहीं निदेशक और टीचर्स ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए ऐसे आयोजन आगे भी करते रहने की बात की।



# हवा महल में 'देखो बाल चित्रकला' प्रदर्शनी शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

'कौन बनेगा बाल पार्षद' अभियान के तहत आयोजित बाल चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को हवा महल परिसर में हुआ, जिसका उद्घाटन विधायक गोपाल शर्मा ने फीता काटकर किया। गौरतलब है कि प्रदर्शनी में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता विषयों पर बनाई चित्रकृतियों को प्रदर्शित किया है।

कार्यक्रम का संचालन डिजिटल बाल मेला की संस्थापक जाह्नवी शर्मा ने किया। गोपाल शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि 'स्वच्छ भारत जैसे अभियानों को बच्चों की दृष्टि से देखना और उन्हें मंच प्रदान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है।' उन्होंने डिजिटल बाल मेला और नगर निगम हेरिटेज के किए गए प्रयास की प्रशंसा की और बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम बताया। प्रदर्शनी फ्यूचर सोसायटी के तत्वावधान में डिजिटल बाल मेला और जयपुर नगर निगम हेरिटेज की ओर से आयोजित की गई है। शहर के 50 वार्डों के बच्चों की चित्रकृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण और सामाजिक चेतना के भाव को अभिव्यक्त किया गया है।

## जेएपीएल का जोरदार आगाज




**बेधड़क** | जयपुर

ज्वैलर्स एसोसिएशन प्रीमियर लीग (जेएपीएल) का शनिवार को शुभारंभ हुआ। एस.जे. पब्लिक स्कूल, जनता कॉलोनी में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक सौंखिया, मानद मंत्री नीरज लुणावत, जेएवाय संयोजक गोविन्द कुमार गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्यों की मौजूदगी में हुआ।

उद्घाटन के मौके पर राजू मंगोड़ीवाला, अजय गोधा, गोविन्द प्रकाश अग्रवाल, विमल सिंह सुराणा, रामदास सौंखिया, विवेक काला, दिनेश खटोरिया, निर्मल बड़ड़िया व रामशरण गुप्ता भी उपस्थित रहे। मानद मंत्री नीरज लुणावत ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा पहली बार इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर सदस्यों व दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन में 500 से अधिक दर्शक शामिल हुए। अध्यक्ष आलोक सौंखिया ने बताया कि अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद से ही युवा पीढ़ी को एसोसिएशन से जोड़ने का संकल्प लिया था। इसी सोच से ज्वैलर्स एसोसिएशन यूथ (जेएवाय) का गठन हुआ, जिसमें 400 से अधिक युवा सक्रिय हैं। संयोजक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट का समापन 6 अप्रैल को होगा।

### शक्ति महिला संगठन ने किया 8वें सत्र का आयोजन

# महिला अधिकारों के लिए बनाई योजनाएं

**बेधड़क** | जयपुर

शक्ति महिला संगठन ने 8वें सत्र का आयोजन होटल हिलटन में किया। शक्ति ग्रुप की संस्थापिका सोनाक्षी वशिष्ठ ने बताया कि इस मौके पर संस्था की नई-पुरानी सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ परिचय किया। साथ ही नई सदस्यों का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। सभी कोर मेंबर्स अनुपमा अग्रवाल, हीना ठाकुरदासानी, श्रुति लूथरा, परम मेहरा, निमिषा गुप्ता, सुप्रिया गुप्ता, रश्मि बाहेती आदि ने शिरकत की।



सत्र में मौजूद शक्ति महिला संगठन की मेंबर्स।

संगठन के इस वार्षिक कार्यक्रम में टीम में नए सदस्यों युक्ति, यमी, रितु, प्रगति, रचना, मीनल, हिमानी और सोमा का स्वागत करते हुए संगठन की अगले वर्ष के योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। कोर मेंबर श्रुति लुधरा ने बताया कि हर वर्ष अप्रैल में संस्था का नया साल शुरू होता है और नई सदस्यों को जोड़ा जाता है। साथ ही वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई जाती हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष सगंठन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा, वृक्षारोपण और खाद्य सुरक्षा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### श्री क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान मई में करेगा आयोजन

# दीया कुमारी करेंगी प्रतिभाओं का सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

श्री क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान अजमेर के तत्वावधान में मई माह में होने वाले समारोह में डिप्टी सीएम दीया कुमारी शैक्षिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली 125 प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगी। संस्था सचिव मूल सिंह राठौड़ और प्रवक्ता प्रभुसिंह खंगारोत ने बताया कि मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत एवं संस्था के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी से मुलाकात की। डिप्टी सीएम ने समारोह में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि रजत जयंती वर्ष पर संस्था के इतिहास और उपलब्धियों पर स्मारिका प्रकाशित की जाएगी। रजत जयंती वर्ष में संस्था द्वारा सम्मानित सभी प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों का प्रेरक सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। संस्था की ओर से विशेष प्रतिभाओं को छात्रवृत्ति, चांदी के मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते हैं।


दीया कुमारी के साथ श्री क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान के प्रतिनिधि।



सीमा दाधीच
लेखिका

# जनमानस को मर्यादित बनने की शिक्षा देती रामचरित मानस


उत्तरकांड में तुलसीदासजी राम के राज्य की स्थापना और आदर्श राजधर्म का वर्णन करते हैं, जो न्याय और धर्म के महत्व को दर्शाता है। श्रीराम सूर्य वंश में अवतरित हुए थे और सूर्य की बारह कलाएं होती हैं अतः वे बारह कला से पूर्ण माने जाते हैं। यह चेतना का सर्वोच्च स्तर होता है। इसीलिए प्रभु श्रीराम को पुरुषों में उत्तम माना गया है। रामजी को 12 कलाओं से युक्त माना जाता है, जो उनके आदर्श चरित्र, न्यायप्रियता और वीरता के रूप में समाहित हैं। भगवान राम 12 कलाओं और हनुमान 14 कलाओं के धनी होने के बावजूद, हनुमान राम के भक्त इसलिए बने क्योंकि हनुमान जी राम के गुणों, न्याय, दया और करुणा से बहुत प्रभावित हुए थे। वे राम के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने के लिए तैयार थे।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने मानव के रूप में जन्म लेकर संसार को श्रेष्ठ मानव के रूप में जीवन जीकर राष्ट्र और समाज के लिए कर्तव्य बोध का ज्ञान कराया। आज्ञाकारी शिष्य, पितृभक्त, माता का सेवक, आदर्श पति, श्रेष्ठ भ्राता, लोकप्रिय राजा और भक्तवत्सल के रूप में स्वयं को प्रतिपादित किया। पराक्रम में विष्णु के समान, मनोहर रूप में चन्द्रमा के समान, क्रोध में अग्नि के समान, धैर्य में पृथ्वी के समान, दान में कुबेर के समान तथा धैर्य में सूर्य के समान रहकर उन्होंने नारी शक्ति के आत्मसम्मान को समझा। माता कौशल्या की कोख से राजा दशरथ के पुत्र रूप में श्रीराम ने जन्म लिया। मानव रूप में जन्म लेकर धरती से पापियों का नाश करने, बुराई का अंत करने तथा भेद-भाव की बेड़ियां तोड़ने का महान कार्य एक पुरुष रूप में श्रीराम ने किया। भगवान विष्णु के अवतारी भगवान राम के रूप में धरती पर जन्म लिया। रामनवमी का त्योहार सनातन धर्म के पालकों द्वारा पिछले कई हजार सालों से मनाया जा रहा है। रामनवमी का दिन भगवान राम के जन्म के साथ-साथ मां दुर्गा के चैत्र नवरात्र के समापन का संकेत देता है। रामनवमी प्रमुख हिन्दू त्योहार है। यह हिन्दू चंद्र वर्ष के चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है। रामनवमी, भगवान राम के जन्म का उत्सव है, जिन्हें भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है।

श्रीराम जिन्हें कलियुग के सर्वोत्तम श्रेष्ठ पुरुष के रूप में घर-घर पूजा जाता है। भारतवर्ष के साथ विदेशी भी रामभक्त देखने को मिलते हैं। राम के जन्म से लेकर राजाराम हुए, इसकी रचना भी हुई जो रामचरित मानस के रूप में हुई, तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना एक विशेष उद्देश्य के तहत की थी। राम जन्म के समय में समाज में अंधविश्वास और बुराइयों का बोलबाला था। तुलसीदासजी चाहते थे कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श उदाहरण बनकर लोगों को सही मार्ग दिखाए। इस ग्रंथ के माध्यम से उन्होंने भक्तों को भक्ति का मार्ग दिखाया और जीवन के कठिन से कठिन समय में धैर्य रखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हमारे देश में सरकार को गीता और रामायण के प्रसंग को पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित करवाना चाहिए, जिससे देश में आदर्श, गुणवान, श्रेष्ठ और मर्यादित युवा शक्ति का निर्माण हो सके एवं सनातनी सोच को बढ़ावा मिल सके। रामचरितमानस की रचना में सात कांड बताए गए जो श्रीराम के जन्म से राज्य में धर्म की स्थापना को बताते हैं। इसमें 7 कांड इस प्रकार हैं- बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड और उत्तरकांड। सात कांड को लिखने का उद्देश्य और उनसे मिलने वाली शिक्षाएं आज भी प्रत्येक व्यक्ति के लिए जीवन में उतारने लायक हैं। इसमें बालकांड में भगवान राम के जन्म, बाल्यकाल और शिक्षा का वर्णन है, जिससे हमें मर्यादा और कर्तव्य पालन की शिक्षा मिलती है। अयोध्याकांड में राम के अयोध्या लौटने, राज्याभिषेक और वनवास की बात को लिखा गया है, जो त्याग और धर्म की रक्षा के महत्व को बताती है। अरण्यकांड में राम, सीता व लक्ष्मण का वनवास, सीताहरण और शबरी से भेंट का वर्णन है, जो प्रेम, निष्ठा और भक्ति के महत्व को दर्शाता है। किष्किंधाकांड में हनुमान और सुग्रीव से मित्रता, रावण की सेना पर विजय और राम की शक्ति का प्रदर्शन है, जो मित्रता और सहयोग की शिक्षा देता है।

आज के युग में भी जाति के भेद-भाव को भुलाकर व्यक्ति को सबको आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। राम चाहते तो अकेले ही रावण को मार सकते थे, लेकिन समाज में एकता और सहयोग के साथ बुराई के अंत का संदेश दिया। सबसे अच्छा कांड, जिसमें मानव रूप में जन्म लेकर भक्ति से जुड़ने का संकेत देता है- सुंदरकांड। इसमें हनुमान की राम के प्रति भक्ति और लंका में सीता को खोजने की कथा है, जो समर्पण और निष्ठा की शिक्षा देता है। लंकाकांड में राम और रावण के बीच युद्ध और रावण के अंत की कथा है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है।

आज के युग में कार्य स्थल पर राम के आदर्श को समझने के लिए उत्तरकांड में तुलसीदासजी ने बहुत सुंदर वर्णन किया है। इसमें राम के राज्य की स्थापना और आदर्श राजधर्म का वर्णन है, जो न्याय और धर्म के महत्व को दर्शाता है।




श्रीराम सूर्यवंश में अवतरित हुए थे और सूर्य की बारह कलाएं होती हैं। अतः वे बारह कला से पूर्ण माने जाते हैं। यह चेतना का सर्वोच्च स्तर होता है। इसीलिए प्रभु श्रीराम को पुरुषों में उत्तम माना गया है। रामजी को 12 कलाओं से युक्त माना जाता है, जो उनके आदर्श चरित्र, न्यायप्रियता और वीरता के रूप में समाहित हैं। भगवान राम 12 कलाओं और हनुमान 14 कलाओं के धनी होने के बावजूद, हनुमान राम के भक्त इसलिए बने, क्योंकि हनुमान जी राम के गुणों, न्याय, दया और करुणा से बहुत प्रभावित हुए थे और वे राम के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने के लिए तैयार थे।

कलाएं दो प्रकार की होती हैं- सांसारिक और आध्यात्मिक। श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन से कठिन समय में चरित्र को उत्तम रखा और विपरीत परिस्थिति में भी नारी को माता का दर्जा दिया। अपने उत्तम चरित्र के कारण ही रावण की पत्नी मंदोदरी को भी राम के चरित्र को श्रेष्ठ मानना पड़ा। श्रीराम ने बाली से युद्ध भी इसलिए ही किया, क्योंकि बाली ने सुग्रीव को राज्य से निकाल दिया था और उसकी पत्नी का भी हरण कर लिया था, जो कि मर्यादा के खिलाफ था। श्रीराम नारी शक्ति को आदर भाव से सम्मान करते थे। श्रीराम ने राजा होकर भी एक पत्नी से दूसरी पत्नी के लिए नहीं सोचा।

उन्होंने अपने अनुज को बताया कि एक नारी के सामने दूसरी नारी से विवाह करने पर पहली महिला के हृदय में पीड़ा होगी और श्रीराम किसी भी नारी को कष्ट में नहीं देख सकते थे। इसलिए ही वो आदर्श और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहलाए। उनके जीवन में संकट की स्थिति में हवन में बैठने के लिए उन्होंने दूसरी नारी को नहीं, बल्कि सीता की जगह उनकी प्रतिमा को स्थापित कर दिया और हवन कार्य को संपूर्ण किया। यह बताता है कि जीवन में विपरीत परिस्थिति में भी उन्होंने अपने आदर्श को सर्वोपरि रखा। आज के युग में भी यदि पुरुष नारी में सीता ढूंढ़ते हैं तो उन्हें अपने भीतर श्रीराम की तरह चरित्रवान बनना होगा, तभी कलियुग की सीता अपना अस्तित्व रख पाएगी। आज प्रत्येक पुरुष को श्रीराम के आदर्शों का पालन करना चाहिए।

## कविता



गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग

### आगे बढ़ता जाएगा



*कल उगा था, आज उगा*
*है, आगे भी उगता जाएगा,*
*जब तक रहेगा कण*
*धरा पर*
*सूरज ऊर्जा देता जाएगा।*

*किरणों की ताकत हमको*
*जीवन जीना सिखलाती*
*है, अनुशासन की हद में*
*रहकर, धरती पर समय*
*से आती है।*

*शक्ति रूप में सूर्य ही*
*रोजाना दर्शन भी देते हैं,*
*वसुंधरा पर हर जीव को*
*जीवन की ऊर्जा भी*
*देते हैं।*

*सूर्योदय की लालिमा*
*संदेश पुरुषार्थ का देती*
*है, क्या कर्तव्य है हर*
*मानव का, यह परिभाषा*
*समझाती है।*

*कोई ना रहेगा दुनिया में*
*प्रकृति का साथ रहेगा*
*सदा, मानव जीवन*
*क्षणभंगुर है, यह अटल*
*सत्य है जीवन का।*

*जो आज सुशोभित कुर्सी*
*पर, कल और कोई*
*आ जाएगा, यह जीवन*
*बुलबुला पानी का*
*आगे बहता ही जाएगा।*



सुनीता मृदुल
साहित्यकार

### समय का द्वंद्व

*अतीत में किया जो सही*
*या गलत,*
*उसका निर्णय अतीत को*
*ही करने दो।*
*अतीत की स्याह धुंध*
*में यूं,*
*वर्तमान को न घुटकर*
*मरने दो।*

*वर्तमान ही रहा जो घुटा-*
*घुटा सा,*
*सोचो, फिर समय क्या*
*भावी होगा?*
*भावी जब वर्तमान बनेगा*
*तो,*
*उस पर भी अतीत यूं ही*
*हावी होगा।*

*जो हुआ, वो काश न*
*होता तो,*
*मैं उसमें ये बदलाव तो*
*करता।*
*अतीत में मैं न कर पाया,*
*तभी तो ये दंश सीने में*
*पलता।*

*छोड़ो जो हुआ, वो होना*
*ही था,*
*कुदरत ने तुम्हें ही क्यों*
*माध्यम बनाया।*
*क्योंकि तुम*
*अकेले अलग ही हो*
*सृष्टि में,*
*कुदरत ने न तुम सा*
*कोई और बनाया।*

*तो उठो हंसकर फैला*
*दो बांहें,*
*कि इनमें सृष्टि ही क्यूं न*
*आ समाए।*
*समय के द्वंद्व से*
*निकलकर,*
*क्यों न वर्तमान में ही*
*पुरुषार्थ कमाएं?*



शिल्पी पचौरी
साहित्यकार

### गजल : फिक्र

*बस यही फिक्र सालती*
*है हमें*
*जिंदगी कैसे ढालती*
*है हमें।*

*अपनी मां का न दिल*
*दुखाना तुम*
*नाज से वो ही पालती*
*है हमें।*

*हौसला हमको मिल ही*
*जाता है*
*जिंदगी जब संभालती*
*है हमें।*

*इक दफा जिसको हमने*
*टाला था*
*अब वही उम्र टालती*
*है हमें।*

*यूं तो आलोचना भी*
*अच्छी है*
*खूबियों में जो ढालती*
*है हमें।*

## कहानी




शोभा गोयल
लेखिका

# विश्वास की डोर

दो महीने पहले देव ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की उड़ान भर ली। वह उसे रोकने में नाकाम रही। तब उसे खुद नही पता था कि वह गर्भवती है। इसी बीच राघव का रिश्ता आ गया। जब तक पता चला, शादी की तारीख तय हो गई। वह चाहकर भी किसी को कुछ नहीं बता पाई।

अविनाश और उनकी धर्मपत्नी निशा सिर झुकाए अपराधी की भांति खड़े थे। बेटी के ससुराल वाले उन्हें जाने क्या-क्या सुना रहे थे। तीन दिन पहले ही उन्होंने अपनी बेटी की शादी इस घर में की थी। सामने सोफे पर नव्या बैठी थी। ऐसा क्या कर दिया उनकी लाडली ने, तीन दिन में ही उन्हें ससुराल से बुलावा आ गया। निशा हाथ जोड़कर गिड़गिड़ा रही थी- 'आप लोगों को जरूर कोई गलतफहमी हुई है। हमारी बेटी ऐसा नहीं कर सकती, यह तो बहुत संस्कारी है।' 'शादी को अभी तीन दिन हुए हैं बहन जी। अभी तो इसकी सुहागरात भी नहीं हुई और यह 3 महीने की गर्भवती है। हाथ कंगन को आरसी क्या? आपकी बेटी ने खुद माना है कि वह पेट से है। आपने जाने किसका पाप मेरे बेटे के सिर पर मंढ दिया है। आप अपनी संस्कारी बेटी को हमारे यहां से ले जाइए।'

राघव की मां ने तेजी से दोनों हाथ जोड़कर कहा। अविनाश का सिर शर्म से झुक गया। उसका मन हुआ अभी धरती फट जाए और वह उसमें समा जाए। शादी से पहले तो उन्होंने नव्या से पूछा था- 'हम तुम्हारा रिश्ता मेरे पुराने परिचित के बेटे राघव के साथ करने जा रहे हैं, लेकिन उससे पहले तुम्हारी पसंद-नापसंद जानना जरूरी है। यदि तुम्हें कोई और पंसद हो तो निसंकोच बता सकती हो।' नव्या ने तब बस यही कहा था- 'पापा आपकी हां में मेरी हां है। आप जब चाहें, जैसे चाहें, मेरी शादी करवा सकते हैं। मुझे कोई एतराज नहीं है।' उन्हें अपनी बेटी पर पूरा विश्वास था। वह उनकी पसंद को कभी नकारेगी नहीं। उस दिन उन्हें अपनी परवरिश पर गुमान हो आया था। आज इसी विश्वास की किरचें-किरचें बिखरी पड़ी थीं। नव्या बिल्कुल चुप थी। वह और देव एक-दूसरे को पसंद करते थे। दो महीने पहले देव ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की उड़ान भर ली। वह उसे रोकने में नाकाम रही। तब उसे खुद नहीं पता था कि वह गर्भवती है। इसी बीच राघव का रिश्ता आ गया। जब तक पता चला, शादी की तारीख तय हो गई। वह चाहकर भी किसी को कुछ नहीं बता पाई। ससुराल में उसकी अनुभवी सास ने सब ताड़ लिया। शाम को पगफेरे के लिए आने वाले माता-पिता को सुबह सवेरे ही बुला लिया गया। जुए में हारे हुए खिलाड़ी की भांति वे दोनों अपनी बेटी को वापस ले जाने के लिए मुड़े ही थे कि दरवाजे पर राघव को देखकर ठिठक गए। 'आप मेरी पत्नी को मेरी इजाजत के बगैर कहीं नहीं ले जा सकते।' राघव की मां जोर से चीखीं- 'राघव तू नहीं जानता, यह चरित्रहीन लड़की है। जाने कहां मुंह काला करके आई है।



'इन सब बातों से ऊपर एक सच यह भी है कि अब यह मेरी पत्नी है। जो कुछ हुआ, वह इसका अतीत था। शादी की रस्मों के दौरान सात वचन भरवाए गए थे। उसमें से एक वचन यह भी था कि मैं किसी भी परिस्थिति में इसके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा।' 'लेकिन' मां की बात बीच में काटते हुए बोला- 'लेकिन-वेकिन कुछ नहीं मां। आज के समय में लड़के-लड़कियों में अफेयर होना सामान्य बात है। मेरे भी रहे हैं। सारी बातों से ऊपर दिल के रिश्तों को महत्व देना चाहिए। माना नव्या ने गलती की है, इसे माफ कर देना चाहिए। नव्या अब मेरी पत्नी है और इससे जुड़े तमाम रिश्तों की जिम्मेदारी मेरी है। यह कहीं नहीं जाएगी।' राघव ने नव्या का हाथ पकड़ लिया। 'बेटा इसके पेट में किसी और का बच्चा है जो इसके काले अतीत का दाग है।' 'बच्चे दाग नहीं होते मां, ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपहार होते हैं। किसी और के बच्चे को हम अपना बना लेंगे। वो हमारे घर की रौनक होगा। यदि शादी से पहले मेरे किसी लड़की से शारीरिक संबंध रहे होते तो क्या आप नव्या को मुझे छोड़कर जाने के लिए कह देती। नहीं न। उल्टा आप उसे समझाने लगती कि जवानी में गलती हो जाती है।' 'राघव क्या गारंटी है यह सिर्फ तुम्हारी होकर रहेगी।' उसकी मां ने शंका जताई। 'देश, काल और परिस्थिति पर किसी का जोर नहीं होता मां। यह सवाल मेरे उपर भी उठता है। 'सब कुछ इतना आसान नहीं है राघव' पहली बार उसके पापा बोले। 'नामुमकिन भी तो नहीं है पापा, एक बार बस बदगुमानी और नफरत की पट्टी हटाकर देखिए, सब सुखद लगेगा।' राघव ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा। नव्या राघव की सोच के आगे नतमस्तक हो गई। उसे पूरा विश्वास हो गया कि यदि राघव साथ है तो यह घर धीरे धीरे ही सही, उसे अपना ही लेगा। इस विश्वास के साथ ही नव्या की पकड़ राघव के हाथ पर बढ़ गई।

### रामनगरिया में आज उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब, सुरक्षा व यातायात प्रबंध के लिए व्यापक इंतजाम

# राम जन्मोत्सव के लिए अयोध्या सजधज कर तैयार, जगमगाएंगे दीप

**एजेंसी** | अयोध्या (उप्र)

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के लिए अयोध्या पूरी तरह से सजधज कर तैयार है। रामनगरी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 6 अप्रैल रामनवमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है, जिसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। यातायात व्यवस्था भी पुख्ता की गई है। इस बार रामनवमी पर अयोध्या में दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे, जो राम कथा पार्क के सामने पक्का घाट एवं राम की पैड़ी पर प्रकाशमान होंगे। राम कथा पार्क में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियां शामिल होंगी। राम जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण सूचना विभाग द्वारा स्थापित एलईडी डिस्प्ले और विभिन्न एलईडी डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से किया जाएगा।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या को अलग-अलग जोन और सेक्टर में बांटा गया है।

श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की तरह ही वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए पीएसी (प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी) और पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा।


फाइल फोटो

### राममंदिर के गर्भ गृह में सूर्य तिलक का ट्रायल

राममंदिर के गर्भ गृह में शनिवार को सूर्य तिलक का ट्रायल किया गया। श्रीरामलला का 90 सेकेंड तक भगवान भानु भास्कर ने अपनी किरणों से तिलक किया। आईआईटी रुड़की, आईआईटी चेन्नई समेत देश के विख्यात संस्थानों के वैज्ञानिकों की मौजूदगी में सूर्य तिलक का ट्रायल किया गया।

### विशेष पास दोपहर 12 बजे तक रहेंगे रद्द

आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि राम मंदिर में दर्शन के लिए सभी विशेष पास सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रद्द रहेंगे और आम श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### 14 अस्थाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित

स्वास्थ्य विभाग ने 14 स्थानों पर अस्थाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें पर्याप्त संख्या में डॉक्टर नियुक्त हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थिति में तत्काल उपयोग के लिए लगभग सात स्थानों पर 108 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। सफाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अयोध्या नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की एक विशेष टीम को सुबह, दोपहर और शाम को नियमित सफाई के लिए तैनात किया गया है।

### सीसीटीवी से निगरानी

रामनगरी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीव व ड्रोन कैमरे व आधुनिक सुविधाओं से निगरानी की जा रही है। किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध इनपुट मिलता है तो तत्काल कन्ट्रोल रूम की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करती है।

### गृह मंत्री अमित शाह आज से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार से जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित एक अग्रिम चौकी का दौरा करेंगे और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति एवं विकास पहलों की समीक्षा करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि शाह रविवार शाम को जम्मू पहुंचेंगे और भाजपा के विधायकों तथा पदाधिकारियों साथ एक बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि वह अगले दिन कठुआ में बीएसएफ सीमा चौकी विनय का दौरा करेंगे और स्थिति का आकलन करेंगे। इसके बाद वह जम्मू स्थित राजभवन में जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीदों के परिजनों से मिलेंगे और अनुकंपा के आधार पर चयनित कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह श्रीनगर स्थित राजभवन में आठ अप्रैल को आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होंगे।

### वक्फ के बाद संघ की नजर ईसाइयों की भूमि पर: राहुल



**नई दिल्ली**। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नजर वक्फ के बाद अब ईसाई समुदाय की भूमि पर पड़ गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान रूपी ढाल से ही सबकी रक्षा की जा सकती है। राहुल गांधी में संघ समर्थक पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' के एक लेख पर आधारित खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने कहा था कि वक्फ विधेयक अभी मुसलमानों पर हमला करता है लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने की मिसाल बनेगा। संघ को ईसाइयों की ओर अपना ध्यान ले जाने में देर नहीं लगी।

### गृह मंत्री शाह का छत्तीसगढ़ दौरा, 'बस्तर पंडुम' महोत्सव में हुए शामिल

# हिंसा छोड़ विकास यात्रा का हिस्सा बनें नक्सली : शाह

**एजेंसी** | दंतेवाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और बस्तर की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने अगले वर्ष मार्च तक भारत से नक्सलवाद का सफाया होने का दावा करते हुए कहा कि अब नक्सली हथियारों के बल पर आदिवासियों के विकास को नहीं रोक सकते।

गृह मंत्री शाह दंतेवाड़ा शहर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'बस्तर पंडुम' महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे दिन चले गए जब यहां बस्तर में गोलियां चलती थीं और बम फटते थे। मैं उन सभी नक्सली भाइयों से अनुरोध करता हूं कि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों। आप हमारे अपने लोग हैं। किसी नक्सली के मारे जाने पर कोई खुश नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच वर्ष में बस्तर को वह सब कुछ देना चाहते हैं, जिसने 50 साल से विकास नहीं देखा। लेकिन यह कैसे हो सकता है? यह तभी हो सकता है जब बस्तर में शांति हो, बच्चे स्कूल जाएं, गांवों और तहसीलों में स्वास्थ्य सुविधाएं हों, हर किसी के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड और स्वास्थ्य बीमा हो। यह तभी हो सकता है, जब बस्तर के लोग तय करें कि वे अपने घरों और गांवों को नक्सल मुक्त बनाएंगे। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव नक्सलियों के आत्मसमर्पण में मदद करेंगे और खुद को माओवादी मुक्त घोषित करेंगे, उन्हें निर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**आप हमारे अपने लोग, किसी के मारे जाने से नहीं होती खुशी**



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा व अन्य नेताओं के साथ।

### हथियार छोड़ो, समर्पण करो और विकास का हिस्सा बनो

शाह ने माओवादियों से हिंसा छोड़ने की अपील करते हुए कहा, कोई किसी को मारना नहीं चाहता। बस अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार आपको पूरी सुरक्षा देगी। अब आप हथियार उठाकर अपने आदिवासी भाइयों और बहनों के विकास को नहीं रोक सकते। अपने हथियार छोड़ो और आत्मसमर्पण करो और विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनो। उन्होंने कहा कि आज हम नक्सलवाद के खिलाफ दोनों तरफ से आगे बढ़ रहे हैं। जो यह समझ गए हैं कि विकास के लिए हाथ में बंदूक की जरूरत नहीं है, कंप्यूटर की जरूरत है। विकास के लिए आईईडी, हथगोला नहीं कलम चाहिए, उन्होंने सरेंडर कर दिया है।

### मां दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना


दंतेवाड़ा मंदिर में पूजा अर्चना करते गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी थे। चौदहवीं शताब्दी में निर्मित धार्मिक स्थल दंतेश्वरी मंदिर देवी दंतेश्वरी को समर्पित है। यह मंदिर दक्षिण बस्तर क्षेत्र में राजधानी रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर दंतेवाड़ा शहर में स्थित है।

### इस साल अब तक 521 नक्सलियों ने किया समर्पण

शाह ने कहा कि 2025 में चौथे माह की शुरुआत तक 521 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इससे पहले 881 नक्सली 2024 में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। जो आत्मसमर्पण करेंगे वह यहां मुख्यधारा में आएंगे और जो हथियार लेकर रहेंगे, उनके खिलाफ सुरक्षाकर्मी मोर्चा संभालेंगे। जो भी होगा मार्च तक पूरे देश को इस लाल आतंक से मुक्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर पंडुम का आयोजन किया जाएगा और वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अनुरोध करेंगे कि वे इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में शामिल हों तथा आदिवासी भाइयों और बहनों को आशीर्वाद दें।

### कांग्रेस ने गरीब हटाओ का सिर्फ नारा दिया

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ के नारे दिए, लेकिन गरीब गरीब ही रहे। गरीबों का विकास किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन न गरीबी हटी और न ही गरीबों को सुविधाएं मिलीं। पीएम मोदी ने 10 साल में गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बनवाए, 11 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर दिए, 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाए, 15 करोड़ घरों में नल का पानी पहुंचाया और 70 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।

### तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने पुलिस के सामने किया समर्पण

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 86 सदस्यों ने शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि चार एरिया कमेटी सदस्यों समेत 86 नक्सलियों ने नक्सलवाद का हिंसक रास्ता छोड़कर अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया। उन्होंने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। भद्राद्री कोठागुडेम के पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि चार एरिया कमेटी सदस्यों पर चार-चार लाख रुपए का इनाम घोषित था। विभिन्न मदद के साथ-साथ पुलिस के 'ऑपरेशन चेयुथा' कार्यक्रम के तहत आदिवासी समुदायों के लिए विकास और कल्याण पहल के बारे में जानने के बाद नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इस साल अब तक विभिन्न संगठनों के 224 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है।

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

# मनोज कुमार की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन


**मुंबई।** फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुलिसकर्मी।

**एजेंसी** | मुंबई

'उपकार' और 'क्रांति' जैसी फिल्मों में देशभक्त नायक की भूमिका निभाकर 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हुए अभिनेता मनोज कुमार का शनिवार को यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें तीन बंदूकों की सलामी भी दी गई। उपनगरीय जुहू स्थित पवन हंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के वक्त अमिताभ बच्चन सहित मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। अंतिम संस्कार करीब 11:30 बजे शुरू हुआ और कुमार के दो बेटों विशाल और कुणाल ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। मनोज कुमार का शुक्रवार तड़के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 87 वर्ष के थे। अभिनेता राज बब्बर, अभिषेक बच्चन, जिमी शेरगिल, अरबाज खान, सुभाष घई, अनु मलिक, जायद खान, प्रेम चोपड़ा, राजपाल यादव, रंजीत और सुनील दर्शन भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक तथा सलीम खान और उनके बेटे अरबाज ने कुमार के अंतिम संस्कार के बाद उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताईं। अभिनेता के पार्थिव शरीर को लेकर एक एम्बुलेंस सुबह करीब 10:30 बजे अंतिम संस्कार के लिए उनके आवास से रवाना हुई। कुमार के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया था। उनके निधन के बाद धर्मेंद्र, प्रेम चोपड़ा, मधुर भंडारकर, फराह खान और उनके भाई साजिद खान सहित कई अन्य हस्तियां शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचीं।

### मणिपुर में शांति बहाली की कवायद

# केंद्र की मेइती-कुकी समूहों के साथ बैठक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र ने मणिपुर के मेइती और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को बैठक की, ताकि अशांत राज्य में स्थायी शांति स्थापित की जा सके।

सूत्रों ने बताया कि यह बैठक दोनों समुदायों के बीच मई 2023 से शुरू हुए संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के लिए केंद्र सरकार की पहल के तहत आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य मेइती और कुकी के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाना तथा मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए खाका तैयार करना था।

### शाह ने किया था बैठक का वादा

ज्ञात रहे कि लोकसभा में गुरुवार को मणिपुर पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि गृह मंत्रालय ने पहले भी मेइती और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों के विभिन्न संगठनों के साथ अलग-अलग बैठकें भी की गईं। ज्ञात रहे कि 9 फरवरी को सीएम पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

### बढ़ेगी ताकत : रक्षा मंत्री ने पोत सागर को दिखाई हरी झंडी

# हिंद महासागर में तैनाती मित्रों के लिए भी: सिंह

**एजेंसी** | करवार (कर्नाटक)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कर्नाटक के करवार नौसैनिक अड्डे से हिंद महासागर पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाई और कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में मुक्त नौवहन, नियम आधारित व्यवस्था और शांति सुनिश्चित करना भारत का सबसे बड़ा उद्देश्य है।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण करवार नौसैनिक अड्डे पर लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है। भारत का प्रयास हिंद महासागर क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध बनाना है।

इससे पहले सिंह ने नौसैनिक अड्डे पर विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री अपराह्न लगभग एक बजे नौसैनिक अड्डे पर पहुंचे, जहां उन्हें परेड ग्राउंड में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। वे कई कार्यक्रम में शामिल हुए। नौसेना परियोजना 'सीबर्ड' के तहत महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डे का विस्तार कर रही है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को कर्नाटक के करवार में हिंद महासागर शिप 'सागर' को झंडा दिखाते हुए।

### हिंद महासागर को बनाएंगे और सुरक्षित

रक्षा मंत्री कार्यालय ने लिखा, 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ मजबूत संबंध बनाने और हिंद महासागर क्षेत्र में अधिक सुरक्षित एवं समावेशी समुद्री वातावरण की दिशा में काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। हिंद महासागर पोत (आईओएस) 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) आईओआर देशों के साथ निरंतर सहयोग की दिशा में एक पहल है।

### कांग्रेस : 8 को कार्यसमिति की बैठक, 9 को अधिवेशन

# न्यायपथ : संकल्प, समर्पण और संघर्ष होगा मंथन का विषय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने अगले सप्ताह अहमदाबाद में होने वाले अपने अधिवेशन का विषय 'न्यायपथः संकल्प, समर्पण और संघर्ष' तय किया है। पार्टी के नौ अप्रैल के इस अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कुल 1,725 निर्वाचित और चयनित सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन से एक दिन पहले विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी जिसमें अधिवेशन के एजेंडे पर मुहर लगाई जाएगी।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओं को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन का



विषय 'न्यायपथः संकल्प, समर्पण और संघर्ष' है। यह आगामी अधेवशन की 'टैगलाइन' होगी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक पर होगी। उनका कहना था कि इस वर्ष महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की 100वीं वर्षगांठ और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती है।

### बैठकों में पार्टी के शीर्ष नेता व प्रतिनिधि होंगे शामिल

वेणुगोपाल ने बताया कि कार्य समिति की बैठक में सीडब्ल्यूसी सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, परिषद नेता, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के कार्यालय के पदाधिकारी, पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल होंगे। एआईसीसी अधिवेशन में सांसदों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ लगभग 1,725 निर्वाचित एआईसीसी सदस्य और सह-चयनित सदस्य भाग लेंगे।

आईपीएल : धोनी नहीं टाल सके चेन्नई की हार

# गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन दिल्ली ने जीता तीसरा मुकाबला

एजेंसी | चेन्नई

लोकेश राहुल की 51 गेंद में 77 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 25 रन से शिकस्त देकर मौजूदा सत्र में तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। दिल्ली की यह चेपॉक मैदान पर पिछले 15 साल में पहली जीत है। दिल्ली ने छह विकेट पर 183 रन बनाने के बाद चेन्नई की पारी को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई की चार मैचों में यह लगातार तीसरी हार है। चेन्नई ने 11वें ओवर में 74 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विजय शंकर (नाबाद 69) और


महेंद्र सिंह धोनी

दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 30) ने 57 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी कर हार के अंतर को कम किया। शंकर ने 54 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि धोनी ने 26 गेंद की नाबाद पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने चार ओवर में 27 रन देकर दो जबकि कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट हासिल किए। इससे पहले राहुल ने एक छोर संभालते हुए अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े।

ट्रिस्टन स्टब्स ने 12 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए लेकिन बाद मथिश पथिराना ( 31 रन पर एक विकेट) ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली की टीम को और बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई की पारी में मुकेश कुमार ने दूसरे ओवर में अपनी गेंद पर शानदार कैच लपककर रचिन रविंद्र (तीन) को चलता किया, वहीं स्टार्क के खिलाफ अगले ओवर में कप्तान रितुराज गायकवाड़ (पांच) बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैक फ्रेजर मैकगुर्क को कैच दे बैठे। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए निगम ने अपनी फिरकी में डेवोन कॉन्वे (13) को फंसाया। शिवम दुबे (18) ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे।

आईपीएल : पंजाब किंग्स की करारी हार

# यशस्वी जायसवाल की नायाब पारी, राजस्थान 50 रन से जीता

एजेंसी | मुल्लांपुर

भारत के उभरते हुए स्टार यशस्वी जायसवाल की (67 रन) शानदार पारी व बाद में जोफ्रा आर्चर (25 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को 50 रन से हरा दिया।

चेन्नई सुपर किंग्स को पिछले मैच में हराने वाली राजस्थान रॉयल्स की यह दूसरी जीत है तो वहीं पंजाब किंग्स को तीन मैच में पहली हार का सामना करना पड़ा।

जायसवाल अभी तक तीन मैच में एक, 29 और चार रन ही बना सके थे। लेकिन इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंद में तीन चौके


पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह का विकेट मिलने का जश्न मनाते हुए राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

और पांच छक्के जड़ित शानदार पारी खेली जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 205 रन का स्कोर खड़ा किया। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन (26 गेंद में 38 रन) ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी करके राजस्थान रॉयल्स को इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत दिलाई, वहीं पंजाब किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही। पहले ही ओवर में प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर के विकेट गंवा दिए। दोनों जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बोल्ड हुए। मार्कस स्टोइनिस सात गेंद ही खेल पाए थे कि संदीप शर्मा (21 रन देकर दो विकेट) ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपककर पंजाब किंग्स को तीसरा झटका दिया, जिससे चौथे ओवर में टीम ने 26 रन पर तीन विकेट खो दिए थे।

## भारत ने म्यांमार को 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई

**मांडले (म्यांमार)।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए जारी 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत दक्षिणी तटीय क्षेत्र के थिलावा बंदरगाह पर शनिवार को यंगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री को खाद्य सामग्री की एक बड़ी खेप सौंपी। म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसमें 3,100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। भारत ने म्यांमार के दक्षिण में थिलावा बंदरगाह पर नौसेना के एक पोत से शनिवार को 442 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री पहुंचाई। यंगून स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भूकंप से प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

## जस्टिस वर्मा ने ली शपथ, बार एसोसिएशन खफा

**प्रयागराज।** दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए गए न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। यह शपथ मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली द्वारा अपने चैंबर में सुबह साढ़े नौ बजे दिलाई गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली को लिखे पत्र में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा, गुप्त तरीके से न्यायाधीश यशवंत वर्मा को शपथ दिलाए जाने के बारे में जानकर पूरा बार एसोसिएशन दुखी है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा है कि यह शपथ ग्रहण भारत के संविधान के विरुद्ध है।

पीएम मोदी की राष्ट्रपति दिसानायके से व्यापक बातचीत

# भारत को उम्मीद: तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरी करेगा श्रीलंका

एजेंसी | कोलंबो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को बताया कि भारत कोलंबो से तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपेक्षा रखता है। इस मुद्दे पर यहां मोदी और दिसानायके के बीच व्यापक बातचीत के दौरान चर्चा हुई। इसके अलावा, पीएम मोदी ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के तमिल नेताओं के एक समूह से मुलाकात की और समुदाय के कल्याण के लिए काम करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

मोदी ने तमिल समुदाय के नेताओं से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह एकीकृत श्रीलंका में तमिल समुदाय के लिए 'समानता, सम्मान और न्याय के जीवन' के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता एक बार फिर से दोहराते हैं। श्रीलंका में तमिल समुदाय श्रीलंका के संविधान में किए गए 13वें संशोधन को लागू करने की मांग कर रहा है, जो उन्हें सत्ता में भागीदारी एवं शक्तियों का हस्तांतरण प्रदान करता है। वर्ष 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद 13वां संशोधन लाया गया था। मोदी ने दिसानायके के साथ वार्ता के बाद मीडिया को दिए गए अपने बयान में आशा व्यक्त की कि कोलंबो देश के संविधान को पूरी तरह लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। पीएम मोदी ने कहा, हमने श्रीलंका में पुनर्निर्माण और समाधान के बारे में भी बात की।

**उत्तरी व पूर्वी प्रांतों के नेताओं की पीएम मोदी से मुलाकात, भारत ने दोहराई अटूट प्रतिबद्धता**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलंबो के स्वतंत्रता चौक पर समारोहपूर्वक स्वागत।

### कोलंबो के स्वतंत्रता चौक पर मोदी का भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी का कोलंबो के मध्य में स्थित ऐतिहासिक स्वतंत्रता चौक (इंडीपेंडेंस स्क्वायर) पर शनिवार को भव्य स्वागत किया गया।। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी का स्वागत किया। अधिकारियों ने कहा कि यह पहला मौका है जब किसी अन्य देश के नेता का स्वतंत्रता चौक पर इस तरह से स्वागत किया गया।


आईपीकेएफ के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पीएम मोदी।


श्रीलंका की 1996 में विश्व विजेता क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ पीएम मोदी।

### आईपीकेएफ स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित

प्रधानमंत्री मोदी अपनी श्रीलंका यात्रा के दूसरे दिन राजधानी कोलंबो स्थित आईपीकेएफ स्मारक गए और करीब चार दशक पहले श्रीलंका में तैनाती के दौरान शहीद हुए भारतीय शांति सेना के जवानों को शनिवार को पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर जारी पोस्ट में कहा कि आईपीकेएफ के बहादुर सैनिकों का अटूट साहस और प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रीलंका में जुलाई 1987 से मार्च 1990 के बीच तैनात आईपीकेएफ के लगभग 1,200 जवान शहीद हुए थे।

### 1996 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों से मुलाकात

पीएम मोदी ने 1996 विश्व कप जीतने वाली श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के सदस्यों से शनिवार को बातचीत की और कहा कि उनकी इस जीत ने अनगिनत खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया था।

कानून बनाने का हो ठोस प्रयास

# देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत: कर्नाटक हाई कोर्ट



एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक हाई कोर्ट ने संसद और राज्य विधानमंडलों से एक ऐसा कानून बनाने के लिए ठोस प्रयास करने का आग्रह किया है, जिससे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सके। न्यायालय ने सभी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के लिए समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के संवैधानिक दृष्टिकोण को कायम रखने में इसके महत्व पर जोर दिया।

यह महत्वपूर्ण अनुशंसा न्यायाधीश हंचाटे संजीव कुमार की अध्यक्षता वाली एकल पीठ द्वारा एक दिवंगत मुस्लिम महिला शहनाज बेगम के पति और भाई-बहन के बीच संपत्ति विवाद से संबंधित एक दीवानी अपील पर फैसला सुनाते हुए की गई। इस मामले ने व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों द्वारा शासित उत्तराधिकार कानूनों और लैंगिक न्याय पर उनके निहितार्थों के बारे में व्यापक प्रश्न उठाए।

न्यायाधीश कुमार ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत समान नागरिक संहिता के अधिनियमन से प्रस्तावना में निहित आदर्शों अर्थात न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और राष्ट्रीय एकता को पूरा किया जा सकेगा। अदालत ने चार अप्रैल को अपनी टिप्पणी में कहा कि देश को पर्सनल लॉ और धर्म के संबंध में एक समान नागरिक संहिता की आवश्यकता है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि देशभर में महिलाओं को संविधान के तहत समान अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन धर्म आधारित व्यक्तिगत कानूनों के कारण उनके साथ असमान व्यवहार किया जाता है।

पीठ ने इस असमानता को स्पष्ट करने के लिए हिंदू और मुस्लिम व्यक्तिगत कानूनों के तहत उत्तराधिकार अधिकारों की तुलना की। जहां हिंदू कानून बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार देता है, वहीं मुस्लिम पर्सनल लॉ भाइयों और बहनों के बीच अंतर करता है - भाइयों को 'हिस्सेदार' का दर्जा देता है, जबकि बहनों को तुलनात्मक रूप से कम हिस्सा मिलता है।

इस बात पर गौर करते हुए कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम उठा चुके हैं, न्यायालय ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि वह उसके निर्णय की एक प्रति केन्द्र सरकार और कर्नाटक सरकार के प्रधान विधि सचिवों को भेजें, ताकि ऐसी संहिता लागू करने की दिशा में विधायी प्रयास शुरू किए जा सकें।

भारतीय इंजीनियरिंग की मिसाल होगा नया पंबन पुल

# 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी ट्रेनें

एजेंसी | नई दिल्ली

तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिलान्तर्गत रामेश्वरम में पंबन पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज होगा, जो देश के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। 535 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बना यह पुल, जंग से क्षतिग्रस्त हुए पुराने ढांचे की जगह लेगा। यह नया पुल पुल 100 वर्षों तक 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन परिचालन के लिए सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामेश्वरम में पंबन पुल का उद्घाटन करेंगे। रामेश्वरम को देश की मुख्य भूमि से जोड़ने वाला नया



पंबन पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में खड़ा है। यह पुल 2.5 किमी से अधिक लंबा है।

पुल का निर्माण कराने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के निदेशक (संचालन) एम पी सिंह ने कहा कि विशेषज्ञ समिति ने इस पुल के सभी पहलुओं की गहन जांच की। सिंह पुल की सुरक्षा चिंताओं पर विचार करने के लिए पिछले नवंबर में गठित विशेषज्ञ समिति के पांच सदस्यों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह पुल 100 वर्षों तक 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से रेलगाड़ियां चलाने के लिए संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है।


नवनिर्मित पंबन पुल।

### गहन पड़ताल के बाद तय की गई रफ्तार

सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'हालांकि यह पुल 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से रेलगाड़ियां चलाने के लिए सुरक्षित है, लेकिन रामेश्वरम छोर की ओर इसके झुकाव के कारण, गति सुरक्षित रूप से 80 किलोमीटर प्रति घंटे तय की गई है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा पुल के डिजाइन और इसकी मजबूती पर चिंता जताए जाने के बाद पुल के हर पहलू की गहन पड़ताल की गई।

## ट्रंप का कर छूट व खर्च में कटौती का प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एजेंडे को ध्यान में रखकर पेश की गई खरबों डॉलर की कर छूट और खर्च में कटौती की रूपरेखा को विपक्ष के कड़े विरोध के बावजूद पारित कर दिया। सीनेट ने अपनी मैराथन बैठक में ट्रंप प्रशासन की तरफ से रखे गए प्रस्ताव को 51-48 के नजदीकी अंतर से पारित किया। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इसका पुरजोर विरोध किया लेकिन रिपब्लिकन पार्टी भारी पड़ी। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ट्रंप की शुल्क योजनाओं के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई है।

## ब्यूटी पेजेंट के लिए जयपुर में 13 अप्रैल को होगा पहला ऑडिशन

# 22 शहरों, कस्बों और गांवों की गर्ल्स पेश करेंगी मिस राजस्थान के लिए दावेदारी

बेधड़क | जयपुर

फ्यूजन ग्रुप व प्राइम सफारी के सहयोग से आयोजित होने वाले ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान 2025 के 27वें संस्करण का पहला ऑडिशन जयपुर में 13 अप्रैल को होगा, जिसमें राजस्थान के 22 शहर, गांव और कस्बों की गर्ल्स अपना भाग्य आजमाएंगी। आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि ऑडिशन होटल प्राइम सफारी में होंगे। इसमें रजिस्ट्रेशन करवा चुके पार्टिसिपेंट डायरेक्ट ऑडिशन दे पाएंगे, लेकिन जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उन्हें पहले ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा, तभी के ऑडिशन दे पाएंगे। पीजेंट में 5.3 हाइट और 17 से 28 वर्ष की अनमेरिड राजस्थान की गर्ल्स पार्टिसिपेट कर पाएगी। ऑडिशन का ड्रेस कोड ब्लैक वन पीस रहेगा। गौरतलब है कि मिस राजस्थान की टॉप फाइनलिस्ट को नेशनल इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट में पार्टिसिपेट करने के लिए एक महीने की ग्रूमिंग ट्रेनिंग के साथ ट्रेंड किया जाता है। मिस राजस्थान में किसी भी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जाता।


योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा


हर्षिका बत्रा, डिंपल हरचंदानी, अर्निका जैन, सौम्या जोशी और खुशी बेलावाला।

## श्री सीमेंट लिमिटेड बांगड़ नगर स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का 25वां वार्षिकोत्सव

# अखंड रामायण पाठ शुरू, कल से गोविन्द देवगिरी कराएंगे हनुमान कथा का रसपान

रमेश शर्मा/मुकेश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** ब्यावर अंधेरी देवरी स्थित श्री सीमेंट लिमिटेड बांगड़ नगर में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का 25वां वार्षिकोत्सव रजत जयंती के रूप में मनाया जाएगा। रजत जयंती वार्षिकोत्सव के तहत इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय संत गोविन्द देव गिरीजी महाराज श्री परिसर में तीन दिवसीय हनुमान कथा का वाचन करेंगे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों का शुभारंभ शनिवार से अखंड रामायण पाठ से किया गया। अब सोमवार सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। फेरी के मंदिर पहुंचने के बाद मंगला आरती होगी। इसके बाद सुबह पौने 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर से शुरू होने वाली कलश यात्रा में श्री परिवार की महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शिरकत करेंगी। इसी क्रम में सुबह साढ़े 9 बजे से 7 दिवसीय वाल्मीकि रामायण पाठ शुरू होगा। वहीं देव स्थापना, आव्हान, पूजन तथा नानाविधि स्त्रोत पाठ का आयोजन गर्भगृह में किया जाएगा। शाम 4 बजे से विशेष रूप से तैयार किए गए कथा पांडाल में स्वामी गोविन्ददेव गिरीजी महाराज हनुमान कथा का आरंभ करेंगे। वहीं मंगलवार को मंगला आरती, अभिषेक और बुधवार को मंगला आरती के साथ हनुमान रथ यात्रा, पूजन, हवन व देव विसर्जन आदि कार्यक्रमों के साथ हनुमान कथा विश्राम लेगी।

### पूरे समुदाय के लिए आध्यात्मिक एकता का क्षण

विकास सिंघल (यूनिट हेड, ब्यावर प्लांट) ने कहा कि रजत जयंती केवल 25 वर्षों की आस्था और श्रद्धा का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए आध्यात्मिक एकता का क्षण है। स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज का सान्निध्य हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जे.के. पुरोहित (एचआर हेड, रस प्लांट) ने कहा कि श्री परिवार ने मिलकर आयोजन को आध्यात्मिक मील का पत्थर बनाने का संकल्प लिया है। हर व्यवस्था श्रद्धा और सूक्ष्मता से की जा रही है। गौरतलब है श्री हनुमान कथा में ब्यावर व आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।



### श्री परिवार ने की बसों की व्यवस्था

तीन दिवसीय हनुमान कथा के लिए श्री परिवार की ओर से श्री रंगमंच के पास वातानूकूलित पांडाल का निर्माण कराया जा रहा है। कथा में प्रवेश केवल पासधारियों को ही दिया जाएगा। कारखाना प्रबंधक विकास सिंहल ने बताया कि ब्यावर शहर से कथा स्थल पर शहरवासियों को लाने-ले जाने के लिए शहर के 8 स्थानों से बसों की व्यवस्था श्री परिवार की ओर से की गई है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की जानकारी शनिवार को श्री सीमेंट प्रशासन की ओर से दी गई, जिसमें प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री के अधिकारियों ने वार्षिकोत्सव आयोजन की तैयारियों को बताया। इस दौरान कंपनी के कारखाना प्रबंधक विशाल सिंहल, रास इकाई हेड जेपी आमेटा, रास प्लांट एचआर हैड जेके राजपुरोहित, गोविन्द न्याती, नीरज शर्मा, भरत शर्मा तथा विशाल जायसवाल उपस्थित रहे। उत्सव में चेयरमैन हरि मोहन बंगुर, वाइस चेयरमैन प्रशांत बंगुर, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी सहित प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्य भाग लेंगे। श्री हनुमान कथा 7 अप्रैल को दोपहर 4 बजे से श्री रंगमंच के पास बनाए गए वातानुकूलित पंडाल में शुरू होगी। प्रवेश सिर्फ पास से ही दिया जाएगा। 8 अप्रैल को मंगला आरती और अभिषेक के साथ दिन की शुरुआत होगी और हनुमान कथा का दूसरा दिवस सम्पन्न होगा। 9 अप्रैल को हनुमान रथ यात्रा, पूजा, हवन, देव विसर्जन और कथा का अंतिम सत्र होगा।


विशाल जायसवाल, गोविंद त्यागी, जेके पुरोहित, जेपी आमेटा, विकास सिंघल यूनिट हेड ब्यावर, नीरज शर्मा एचआर हेड ब्यावर प्लांट, भरत शर्मा।


अखंड रामायण पाठ का एक दृश्य।

Shree Cement


विकास सिंघल का स्वागत करते जेके पुरोहित।


सतीश माहेश्वरी पत्नी के साथ पूजा करते हुए।

## Events

### महावीरजी मेले में दीया होंगी चीफ गेस्ट



**बेधड़क, जयपुर।** श्री महावीरजी के लक्खी मेले में डिप्टी सीएम दीया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके लिए सिटी पैलेस में दीया कुमारी को प्रबंधकारिणी कमेटी अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.के. जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला व प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन ने महावीर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही कमेटी ने 13 अप्रैल को श्री महावीरजी में होने वाले विश्व प्रसिद्ध लक्खी मेले में आने का निमंत्रण दिया, जिसके लिए दीया कुमारी ने सहमति दी।

### बूम बैरियर से रुकेंगे असामाजिक तत्व



**बेधड़क, जयपुर।** तिलक नगर नागरिक सेवा समिति की अपील पर भामाशाह रजत अग्रवाल ने तीन बूम बैरियर तिलक नगर ईस्ट की कॉलोनी में लगाए, जिनका उद्घाटन विधायक कालीचरण सराफ ने किया। विकास समिति अध्यक्ष पंकज सक्सेना ने बताया कि बूम बैरियर से कॉलोनी में आने वाले असामाजिक लोगों पर प्रतिबंध लगेगा। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्याय ब्रह्म कुमार सैनी, पार्षद महेश सैनी, विकास समिति उपाध्यक्ष डॉ. सरस्वती मित्तल, ज्ञानेश शर्मा, अशोक अग्रवाल, सुधीर विजय, राजेंद्र शर्मा, बृजेश सक्सेना, अरुण गुप्ता, भावना सक्सेना, संजय काला संजय फॉफलिया, प्रदीप सोगानी, अनिल चतुर्वेदी, विजय किशन राजू, मनीष जैसलमेरिया व अन्य उपस्थित रहे। वहीं, नटवर कुमावत ने बताया कि तिलक नगर के लोगों की मांग पर सराफ ने विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगाने की घोषणा की। साथ ही क्लब हाउस को भी समिति को सौंपने का आश्वासन देते हुए सामुदायिक केंद्र के साथ स्थित मैदान के नवीनीकरण के लिए 5 लाख रुपए विधायक कोष से देने की घोषणा की गई।

### फोटो आर्ट में संस्कृति के दर्शन



**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में डीएच कैप्चर्स की ओर से 8वीं फोटो वॉक व फोटो आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व कला संस्कृति मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने किया। गौरतलब है कि अपने इर्द-गिर्द हो रही गतिविधियों और खास पलों को कैमरे में कैद कर लोगों को उसका अनुभव देने के लिए एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। आर्टिस्ट पूजा अग्निहोत्री ने बताया कि आर्ट लवर्स के लिए सुरेख गैलरी में 6 अप्रैल तक एग्जीबिशन जारी रहेगी। प्रदर्शनी में गुलाबी नगरी को देखने का नया नजरिया मिलेगा। साथ ही वाइल्ड लाइफ, फूड और संस्कृति के दर्शन होंगे।

### हैकाथॉन-2025 में युवाओं ने दिखाया उत्साह



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने हैकाथॉन-2025 का आयोजन किया। 12 घंटे के इनोवेशन और कोडिंग इवेंट में 64 टीमों के 300 से प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें जेएनयू के छात्र, तकनीकी पेशेवर और इनोवेटर शामिल थे। इवेंट का उद्देश्य रचनात्मकता, समस्या-समाधान और वास्तविक दुनिया के तकनीकी समाधानों के विकास को बढ़ावा देना था। हैकाथॉन का उद्घाटन जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने किया और कहा कि हमें इस साल के हैकाथॉन की मेजबानी करके खुशी है। प्रो-चांसलर प्रोफेसर एच.एन. वर्मा और कुलपति प्रोफेसर आर.एल. रैना उपस्थित रहे।

**पुस्तक चर्चा** निर्मला सेवानी की आत्मकथा 'मौन-ए मीटिंग विद साइलेंस' पर रखे विचार

# साहित्यिक संध्या में लेखन शैली और अनुवाद प्रक्रिया पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

जयपुर इंटेलेक्ट क्लब और वर्ल्ड ऑफ वड्र्स के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार शाम डिली कैंट रेस्तरां में हाय हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित निर्मला सेवानी की आत्मकथा 'मौन-ए मीटिंग विद साइलेंस' पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में निर्मला सेवानी के साथ पुस्तक की अनुवादक और लेखिका एनी मिलर, सिद्धार्थ शर्मा एवं रानू श्रीवास्तव ने पैनल चर्चा में भाग लिया। इस संवादात्मक सत्र ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। पैनल के वक्ताओं ने न केवल पुस्तक की विषयवस्तु पर चर्चा की बल्कि लेखन प्रक्रिया और अनुभवों को भी साझा किया। करीब डेढ़ घंटे चले इस सत्र में श्रोताओं ने कई सारगर्भित प्रश्न पूछे, जिनमें विषय आधारित प्रश्नों से लेकर लेखन शैली और अनुवाद प्रक्रिया तक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन ध्वनि और अंशु हर्ष ने किया।



सिद्धार्थ शर्मा, रानू श्रीवास्तव, डॉ. निर्मला सेवानी, एनी मिलर और ध्वनि।


डॉ. टीना सावने, रूपा मेहता और एसएन असावा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 06 अप्रैल, 2025



"राम नवमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।"

**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



### प्रदेश में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के नए दौर की शुरूआत

# नई टेक्सटाइल नीति से आधुनिक विनिर्माण का केंद्र बनेगा राजस्थान

- वस्त्र निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने उठाया बड़ा कदम
- रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद नीति के प्रभाव से निर्यातकों को मिलेगा लाभ

**बेधड़क** | जयपुर

'फाइबर से फैशन तक' विजन के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।

यह नीति राज्य को आधुनिक टेक्सटाइल और परिधान विनिर्माण का नया केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने के बाद वैश्विक परिदृश्य में बदलाव आया है, ऐसे में यह नीति राजस्थान के वस्त्र निर्यातकों के लिए गेम चेंजर बन सकती है। इस नीति में पहली बार गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी शामिल किया गया है, जिससे निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही, नीति में प्राकृतिक व कृत्रिम फाइबर के उत्पादन, तकनीकी वस्त्र, हैण्डलूम, ऊन प्रसंस्करण, चमड़ा उत्पाद और फुटवियर जैसे संबंधित क्षेत्रों को भी समाहित किया गया है। टेक्सटाइल उद्यमियों को कच्चे माल की उपलब्धता, कुशल कार्यबल, पर्यावरणीय समाधान, लॉजिस्टिक्स तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए व्यापक योजनाएं बनाई गई हैं। इसके अलावा, निर्यात प्रोत्साहन हेतु आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान भी किया गया है।



## सीमावर्ती गांवों के विकास को मिलेगी रफ्तार: सीएम

- 'वाइब्रेंट विलेज्स कार्यक्रम-II' के लिए प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकृत 'वाइब्रेंट विलेज्स कार्यक्रम-II' को सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास की दिशा में सशक्त पहल बताया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम राजस्थान सहित विभिन्न सीमावर्ती राज्यों में बुनियादी ढांचे के विकास और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, लद्दाख सहित 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सीमावर्ती गांव शामिल किए गए हैं। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 6,839 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।

### वस्त्र उद्योगों को पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट

नई नीति के अंतर्गत वस्त्र एवं परिधान उद्योगों को 10 वर्षों तक प्रति वर्ष 80 करोड़ रुपए तक का एसेट क्रिएशन इंसेंटिव मिलेगा। साथ ही भूमि/भवन की खरीद या लीज पर स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट तथा बिजली उपभोग पर 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी की छूट दी जाएगी। बता दें कि राजस्थान भारत का चौथा सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है, जिसमें भीलवाड़ा, जयपुर, पाली और बालोतरा जैसे प्रमुख टेक्सटाइल हब हैं।

### अपैरल पॉलिसी में किए गए प्रावधान

- नई नीति में ग्रीन सॉल्यूशन इंसेंटिव के तहत 12.5 करोड़ रुपए तक 50% प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- अक्षय ऊर्जा संयंत्रों के लिए बैंकिंग, व्हीलिंग और ट्रांसमिशन शुल्क में 100% छूट दी जाएगी।
- नीति के अंतर्गत 10,000 करोड़ रुपए के निवेश और 2 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है।
- पेटेंट/कॉपीराइट लागत का 50% और भूमि रूपांतरण शुल्क का 100% पुनर्भरण किया जाएगा।
- 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जाएंगे और आधुनिक तकनीक, नवाचार व कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### भाजपा स्थापना दिवस पर अलवर में कार्यशाला

## BJP को लेकर फैलाई जा रही गलत धारणाओं को दूर करना जरूरी: यादव

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पदाधिकारियों को किया संबोधित

**बेधड़क** | अलवर

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को अलवर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' कानून लेकर आएगी, जिससे चुनाव प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल, देश की सुरक्षा और गरीब कल्याण को लेकर भाजपा ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भाजपा को लेकर जो गलत धारणाएं फैलाई जा रही हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संविधान, सामाजिक न्याय और आरक्षण को लेकर पार्टी की नीति स्पष्ट है। मंत्री यादव ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से जुड़ेंगे। सांसद संपर्क सभा के तहत चार पंचायतों का एक ग्रुप बनाकर हर पंचायत के विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा।



*भाजपा कार्यशाला का उद्घाटन करते भूपेंद्र यादव।*

### पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा बाला किला क्षेत्र



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर के ऐतिहासिक बाला किला रोड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों मंत्री खुली जिप्सी में सफर करते हुए करणी माता मंदिर, चक्रधारी हनुमान मंदिर और जय विलास महल तक पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके तहत बफर जोन विकास, सड़क निर्माण और मंदिरों तक आसान पहुंच को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बाला किला क्षेत्र में टाइगर प्रिजर्वेशन व कंजर्वेशन पर भी कार्य किया जा रहा है।

### पिपलांत्री में 'हरित न्याय' पर किया मंथन

## मैं पिपलांत्री की तीर्थयात्रा पर आया हूं, यह मॉडल प्रेरणास्रोत: गवई

**बेधड़क** | राजसमंद

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजसमंद के पिपलांत्री गांव में 'वन संरक्षण एवं बालिका संरक्षण-विधिक चेतना शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि देश और दुनिया में लगातार बढ़ती गर्मी पर्यावरण संतुलन पर गंभीर असर डाल रही है। अगर यह स्थिति बनी रही तो हिमालय की बर्फ पूरी तरह पिघल सकती है और नदियां सूखने से देश में जल संकट गहराएगा। न्यायाधीश बीआर गवई ने पिपलांत्री गांव के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "मैं पिपलांत्री की तीर्थयात्रा पर आया हूं। यह मॉडल पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है।" यहां बेटी के जन्म पर 111 पौधे लगाने और 21 हजार रुपए की एफडी की परंपरा न केवल पर्यावरण बल्कि सामाजिक सुधार का बेहतरीन उदाहरण है। इस दौरान बीआर गवई के अलावा जस्टिस संदीप मेहता, केन्द्रीय विधि राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति एम. एम. श्रीवास्तव सहित अनेक न्यायाधिपति एवं विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



*शिविर को संबोधित करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई।*

### पर्यावरण बचाओ का संदेश साकार: मेघवाल

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कबीरदास के भजन के माध्यम से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया और कहा कि 'पिपलांत्री में बेटी बचाओ के साथ पर्यावरण बचाओ' का भी संदेश साकार हुआ है। मेघवाल ने कहा कि पिपलांत्री के कार्यों पर हमें गर्व है।

### पिपलांत्री के कार्यों पर गर्व: संदीप मेहता

कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता ने कहा कि पिपलांत्री में पर्यावरण संरक्षण व बेटी बचाने के लिए जो कार्य हुए हैं, वे पूरे देश के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने कहा कि श्यामसुंदर पालीवाल और सरपंच अनिता पालीवाल द्वारा किए जा रहे कार्यों से पूरा देश सीख सकता है। वहीं, कार्यक्रम में जस्टिस संदीप मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा, जिसमें पीएम ने पिपलांत्री गांव की पहल की प्रशंसा करते हुए देश की अन्य ग्राम पंचायतों से पिपलांत्री से प्रेरणा लेने की अपील की।

## बेधड़क FIRST

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का एक अनछुआ पहलू

प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा ने नवरात्र में गजब का संतुलन बैठाया। सीएम ने ईश्वरीय तप और जनसेवा के तप में कोई कसर नहीं छोड़ी। सीएम ने राजकाज, मेल-मुलाकातें, बैठकें और जनसंवाद को अनवरत जारी रखा। मुख्यमंत्री ने पूरे नवरात्र बिना कुछ खाए सिर्फ एक वक्त लिक्विड पीकर व्रत खोला। सीएम ने कठोर तप किया, जिसमें वे जमीन पर ही सोए और सभी नियमों का पालन किया। कठोर नियमों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने अपने आराध्य से प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। बता दें कि सीएम ने पूरे साल बिना किसी अवकाश के लगातार काम किया।

### खेल परिषद का यह कैसा कदम?

खेल परिषद ने सबसे ज्यादा पदक लाने वाले खेल संघ को नोटिस जारी किया है। राजस्थान ने नेशनल गेम्स में सबसे ज्यादा पदक वुशू में जीते थे, लेकिन अब खेल परिषद ने वुशू संघ को ही नोटिस थमा दिया। ऐसे में खेल परिषद की 'पिक एंड चूज' पॉलिसी पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदेश में गैर रजिस्टर्ड सभी खेल संघों को एक सा नोटिस देना चाहिए था, लेकिन सिर्फ वुशू संघ के लिए ही अलग से नोटिस के पीछे का एजेंडा समझ से परे है। हालांकि वुशू संघ नोटिस में मांगी सभी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

### यूथ कांग्रेस के जॉब फेयर में नेताजी की गैरमौजूदगी!

यूथ कांग्रेस के जॉब फेयर में कांग्रेस के दो प्रमुख नेता गैरहाजिर रहे। इनमें से एक नेताजी की राष्ट्रीय राजधानी में अचानक मीटिंग आ गई, जिनके 'खास शिष्य' की आयोजन में विशेष भूमिका थी। जबकि दूसरे नेताजी प्रदेश की राजधानी में मौजूद तो थे, बावजूद इसके यूथ कांग्रेस के कार्यक्रम से उन्होंने दूरी बनाए रखी। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि 'प्रॉपर इन्विटेशन' नहीं मिलने के कारण नेताजी ने दूरी बना कर रखी। इस बीच प्रदेश के पूर्व मुखिया कार्यक्रम में पहुंच गए, जिसके बाद पूरा कार्यक्रम पूर्व मुखिया के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गया। ऐसे में अब कांग्रेस के गलियारों में इस घटनाक्रम की चर्चा हो रही है।

### राजस्थान में बीजेपी का सफर...

चौड़ा रास्ता की नानाजी की हवेली वर्ष 1950 के आसपास भूतों की हवेली के तौर पर विख्यात थी और चूंकि उस समय जनसंघ को कोई भी किराए पर दफ्तर नहीं दे रहा था, ऐसे में भूतों के लिए चर्चित हवेली में भाजपा का पहला कार्यालय खोला गया था। जहां से जनसंघ के काम की शुरुआत हुई थी। कोई और भवन न मिलने के कारण संघ वालों ने इसी भवन में मरम्मत करवाकर अपने कार्यालय का आरंभ किया था। शुरुआती दौर में आरएसएस, जनसंघ और आगे चलकर बीजेपी का दफ्तर यहीं से चला। उस समय चिरंजीवी मिश्र जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष थे। वहीं, लालकृष्ण आडवाणी ने भी यहां प्रचारक के तौर पर समय बिताया।

### कांग्रेस संगठन के हिसाब से हो गए 50 जिले

राजस्थान में कांग्रेस के संगठन के हिसाब से 50 जिले हो गए हैं, क्योंकि कांग्रेस हाई कमान ने 50 जिलों के गठन की मंजूरी दी थी। ऐसे में भीलवाड़ा में अब शहर और देहात दो जिला अध्यक्ष होंगे। वहीं, नीमकाथाना संगठन के हिसाब से नया जिला होगा। जयपुर ग्रामीण को विभाजित कर अब जयपुर ग्रामीण ईस्ट और जयपुर ग्रामीण वेस्ट जिला बनाया गया है। पहले राजस्थान कांग्रेस के 40 जिला अध्यक्ष थे।

## दो दिवसीय गोवा दौरे पर जाएंगे देवनानी

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर गोवा के लिए रवाना होंगे। वे 7 और 8 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजस्थान राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस यात्रा के दौरान देवनानी राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद की अखिल भारतीय बैठक में भाग लेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरण पिल्लई, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, और गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर से शिष्टाचार भेंट भी करेंगे। इसके अलावा देवनानी गोवा विधानसभा के सदन और भवन का भी अवलोकन करेंगे।



### अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह

# समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना जरूरी: शेखावत

- पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़ें युवा

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो समाज पीछे रह गए लोगों की चिंता करता है, वही आगे बढ़ता है। समाज की प्रगति तभी संभव है, जब कमजोर वर्ग को संबल प्रदान कर उन्हें भी मुख्यधारा में लाया जाए। शनिवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, राजस्थान (महिला प्रकोष्ठ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए शेखावत ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा प्रदत्त सृजन क्षमता हम सभी के भीतर है, जिसके बल पर समाज ने सदैव प्रगति की है। अब आवश्यकता है इस क्षमता को नए तरीकों से आगे बढ़ाने की, ताकि आने वाली पीढ़ियां इससे प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि समाज को अपने पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़कर नए क्षेत्रों में भी संभावनाएं तलाशनी चाहिए। युवाओं को आधुनिक व्यवसायों से जोड़ना समय की मांग है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो। शेखावत ने कहा कि दृढ़संकल्प वह शक्ति है, जो समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। दो लोग भी अगर ठान लें तो बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन संभव है। हमें समाज में ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें समर्थन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सोच को अधिक समर्थन मिलने से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।



*केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का स्वागत करते महासभा के पदाधिकारी।*



*केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने जयपुर प्रवास के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।*

### महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी ने ली शपथ

## समाज निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, राजस्थान प्रदेश सभा के महिला प्रकोष्ठ की प्रादेशिक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को विद्याधरनगर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शिरकत की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज सामाजिक सेवा और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है, जो सराहनीय है। आज की महिलाएं जागरूक, सशक्त और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने समाज की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया। दीया कुमारी ने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। बेटियों की शिक्षा, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और नवपीढ़ी में संस्कारों का संचार आवश्यक है।



*महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों के साथ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी।*

### योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

दीया कुमारी ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं जैसे लखपति दीदी और सोलर दीदी का उल्लेख करते हुए महिलाओं से इनका लाभ उठाने और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही समाज के भामाशाहों से भी समाज सेवा में योगदान बढ़ाने की अपील की।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।